Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -351 शनिवार ,29 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जो मिथ्या है वह हमें सत्य लगता है,जो सत्य है वह हमें मिथ्या लगता है-यही माया का रूप है।
- समर्थ गुरू रामदास-

# जहां 26/11 अटैक वहीं बैठक में पाक आतंकवाद हुआ बेनकाब

## मुंबई हॉटल में यूएनएससी की मीटिंग के दौरान भारत ने पाकिस्तानी आतंकी का ऑडियो प्ले किया और उठाये कई सवाल

**मुंबई, 28 अक्टूबर 2022।** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान का आतंकी समर्थक चेहरा बेनकाब किया है। ह्रस्ट की बैठक मुंबई के ताज होटल में हो रही है, जहां 26/11 का हमला हुआ था। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मौजूदगी में प्ले किए गए इस ऑडियो क्लिप में आतंकी साजिद मीर फोन पर चबाड़ हाउस में मौजूद आतंकियों को कह रहा है, 'बंदा कोई छत पर चल रहा है, कोई आ रहा है, जा रहा है उस पर फायर ठोको। उसे नहीं पता है वहां क्या हो रहा है साजिद मीर को जवाब देते हुए फोन पर दूसरा आतंकी ऐसा ही करने का भरोसा देता है।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने दुनिया के सामने मुंबई में हुए 26/11 हमले में पाकिस्तानी आतंकी साजिद मीर का ऑडियो प्ले किया, जिसमें वह फोन पर आतंकियों से कह रहा है- जहां भी मूवमेंट दिखे, जहां भी लोग हों वहां फायर ठोको। विदेश मंत्री ने बैठक में कहा भारत दूसरों की तुलना में इसको अधिक समझता है।

एस जयशंकर ने कहा- दशकों से सीमापार आतंकवाद से लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता कमजोर नहीं हुई है और न ही होगी। आतंकवाद को रोकने के लिए इसकी फाइनेंसिंग रोकनी होगी। आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए, मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। हमने आज पीड़ितों की आवाज सुनी है। उनके नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती है। बता दें आतंकियों ने मुंबई के दो 5 स्टार होटलों, रेलवे स्टेशनों और यहूदियों के एक धार्मिक स्थल (चबाड़ हाउस) नरीमन हाउस को निशाना बनाया था।

## उम्मीद है अब विपक्ष की आवाज नहीं दबेगी,राहुल गांधी ने दी ट्वीटर के नए मालिक एलन मस्क को बधाई

**नई दिल्ली ,28 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्विटर का नया मालिक बनने पर एलन मस्क को बधाई दी और उम्मीद जताई कि अब यह माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच नफरत भरे भाषणों (हेट स्पीच) के खिलाफ कार्रवाई करेगा तथा भारत में सरकार के दबाव में आकर विपक्ष की आवाज नहीं दबाएगा। उन्होंने ट्वीट किया, %%एलन मस्क को बधाई। मैं आशा करता हूं कि ट्विटर अब नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, तथ्यों की जांच ज्यादा सटीक ढंग से करेगा और भारत में सरकार के दबाव के चलते विपक्ष की आवाज को नहीं दबाएगा।



विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सोशल मीडिया मंच ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं। जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होंने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) नेड सहगल और कानूनी मामलों एवं नीति प्रमुख विजया गड्डे को हटा दिया है। राहुल गांधी ने ट्विटर पर एक ग्राफ भी साझा किया जिसमें दर्शाया गया है कि उनके ट्विटर अकाउंट के साथ %छेड़छाड़ की गई।

पिछले साल अगस्त में दिल्ली में दलित बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या मामले में उसके परिजन की तस्वीर साझा करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का ट्विटर अकाउंट कुछ दिनों के लिए %लॉक किया गया था और ट्विटर ने नियमों के उल्लंघन का हवाला दिया था। साथ ही ट्विटर ने कांग्रेस और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के ट्विटर अकाउंट बंद कर दिए थे।

## बेटी को पानी में फेंका, फिर महिला ने उठाया ये खौफनाक कदम

**बाराबंकी, 28 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश के बारांबकी में एक महिला ने शुक्रवार की सुबह अपनी दो साल की बेटी को घर के पीछे तालाब में फेंक दिया। इसके बाद कमरे में आकर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब थोड़ी देर बाद मासूम का शव तालाब से मिला तो गांव में सनसनी फैल गयी। वहीं परिजनों के मुताबिक मृतका मानसिक रुप से अस्वस्थ्य थी।

ये मामला सतरिख थाना क्षेत्र के भनौली गांव की है। विनय की पत्नी सीमा का मायका जैदपुर थाना के रामपुर गांव में है। गुरुवार को वह अपनी दो साल की बेटी विधि के साथ मायके आयी हुई थी। वहीं सीमा की बड़ी बेटी पांच साल की अनुष्का पिता पास ही थी। शुक्रवार की सुबह नौ बजे सीमा की लाश कमरे में लटका देख उसकी छोटी बहन मधू ने देखा। मधू की चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद ग्रामीण विधि की ढूंढने लगे। तभी घर के पीछे तालाब में मासूम का शव पानी में उतराता मिला। ये देख घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक सीमा ने अपी बेटी को तालाब में फेंक कर आत्महत्या की है। मृतका की मां सुशीला देवी ने बताया कि सीमा मानसिक मंदित थी। वह काफू समय से बीमारी के कारण परेशान रहती थी। परिजनों ने बताया कि सुबह सीमा ने कहा कि आप सभी खेत चलों मैं थोड़ी देर में आती हूं। इस दौरान सीमा और उसकी बच्ची घर में अकेले थे। लेकिन जब देर बाद सीमा खेत नहीं आयी तो उसकी छोटी बहन किसी काम से घर आयी तो देखा की उसकी लाश कमरे में लटकी हुई है।



## शराब खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक ने मां की पीट-पीटकर हत्या की

**बिजनौर, 28 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के थाना चांदपुर के लेपुरी गांव में एक बुजुर्ग महिला की उसके पुत्र ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस को लेपुरी गांव के एक घर के एक कमरे से बुजुर्ग महिला का शव मिला है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार पुत्र ने कथित तौर पर शराब को लेकर हुए विवाद के बाद बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान समुन्द्रा देवी (65) के रूप में हुई है।




पुलिस ने कहा कि आरोपी देवेंद्र सैनी (25) पर परिवार ने अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए हमारे पास शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंध में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि हत्या गुरुवार रात को हुई थी, लेकिन इसकी सूचना पुलिस को शुक्रवार को दी गई।

आरोपी देवेंद्र शराब का आदी है। वह अक्सर अपने परिवार के सदस्यों को गालियां देता था। उसने शराब खरीदने के लिए पैसे की मांग की और इसके लिए मां ने उसे डांटा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम अर्ज ने बताया कि पुलिस ने आरोपी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जबकि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला शवगृह भिजवाया है।

## गृह मंत्रालय के चिंतन शिविर से कई गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2022।** हरियाणा के सूरजकुंड में चल रहे गृह मंत्रियों के 2 दिवसीय चिंतन शिविर में ज्यादातर गैर-भाजपाई राज्यों के गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के गृह मंत्रियों को इस शिविर के लिए आमंत्रित किया था।




शिविर में अपने प्रदेशों में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे ज्यादातर गैर भाजपाई मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। इनमें गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ओडिशा के नवीन पटनायक और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल हैं।

शिविर में सिर्फ 2 गैर भाजपाई मुख्यमंत्री शामिल हुए। इनमें पंजाब के भगवंत मान और केरल के पिनराई विजयन हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने शिविर में गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी नहीं भेजा। उनकी तरफ से अतिरिक्त महानिदेशक (होमगार्ड) नीरज कुमार सिंह प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए।

अमित शाह की अध्यक्षता में चल रहे शिविर में भाग लेने वाले मुख्यमंत्रियों में भगवंत मान (पंजाब), पिनराई विजयन (केरल), मनोहर लाल खट्टर (हरियाणा), योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), हिमंत विश्व सरमा (असम), एन बीरेन सिंह (मणिपुर), प्रमोद सावंत (गोवा), माणिक साहा (त्रिपुरा), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड) और प्रेम सिंह तमांग (सिक्किम) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार 2 दिवसीय चिंतन शिविर में पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, साइबर अपराध प्रबंधन, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन, तटीय सुरक्षा, महिला सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। आज बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

## हथिनी ने मिठाई दुकानदार को सिखाया सबक,नमकीन खिलाने पर उठाकर पटका

**राजस्थान, 28 अक्टूबर 2022।** राजस्थान में एक हथिनी गौरी ने अपनी पसंदीदा मिठाई मावे की गुंजी नहीं मिलने पर मिठाई दुकानदार को उठाकर पटक दिया. इसके बाद अपनी सूंड से उसे सड़क पर घसीटने लगी. बताया जा रहा है कि मिठाई दुकानदार ने उसे मावे की गुंजी की जगह नाश्ते में गर्म और मसालेदार कचौरी खिला दी थी, जिससे वो नाराज हो गई.



बता दें कि बीते 17 सालों से पर्यटक आमेर किला क्षेत्र में गौरी की सवारी का आनंद उठाते हैं. हर सवारी के दौरान वह प्रसिद्ध मावा की गुंजी मिठाई खाती है. तीन साल पहले जब वह बड़ी हुई, तो जंगल वालों ने उसे आमेर किले तक की सवारी में शामिल होने का मौका दिया. इस दौरान भी वह पर्यटकों से गुंजी खाकर ही उन्हें घुमाती थी. इस घटना को लेकर आमेर किले के अधीक्षक ने बताया कि सोमवार को जब वह उस दुकान पर गई, तो उसके साथ दो हाथी भी थे. दुकानदार ने गलती की और गौरी की जगह उसने बाकी हाथियों को गुंजी खिलाई और गौरी को मसालेदार कचौरी परोस दी.

अधिकारी ने कहा, हमेशा शांत दिखने वाली गौरी हथिनी ने जैसे ही कचौरी खाई, उसने मिठाई दुकानदार रूपनारायण कूलवाल को उठाकर सड़क पर पटक दिया. हथिनी के इस हमले से कूलवाल की पसली में चोट लगी है और उसका इलाज चल रहा है. ये वही गौरी हथिनी है, जिसके जन्मदिन पर 2002 में पूरे अंबर से लोग और राजनेता जमा हुए थे. बता दें कि आमेर किला क्षेत्र में हाथियों का इतिहास 100 साल पुराना है. मगर, यहां गौरी से पहले किसी हाथी के बच्चे का जन्म नहीं हुआ था.

हालांकि, जब गौरी की मां को उसके मालिक इब्राहिम मंसूरी दूसरे राज्य से लाए थे, तो वह गर्भवती थी. उसी महावत परिवार के सदस्य उमरदीन ने बताया कि गौरी का स्वभाव शांत है. सब उसे प्यार भी करते हैं क्योंकि उसका जन्म यहीं हुआ था।

## भगवान वेंकटेशवर मंदिर में बदलेगा वीआईपी ब्रेक दर्शन का समय,आम श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

**तिरुमाला, 28 अक्टूबर 2022।** भगवान वेंकटेशवर मंदिर में आम श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों को देखते हुए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट बोर्ड की तरफ से मिली मंजूरी के बाद मंदिर में नवंबर के पहले सप्ताह से वीआईपी ब्रेक दर्शन का समय बदलने जा रही है। ट्रस्ट प्रतिदिन वीआईपी ब्रेक दर्शन का समय दोपहर से पहले करने पर विचार कर रहा है।



अध्यक्ष वाईबी सुब्बा रेड्डी टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड ने समय बदलने की तैयारी की है। बोर्ड इसके जरिए आम श्रद्धालुओं को दर्शन में लगने वाला समय कम करना चाहता है। फिलहाल, मंदिर ट्रस्ट प्रयोग के तौर पर वीआईपी ब्रेक दर्शन का समय बदलने वाला है।

**क्या होगा समय**

फिलहाल, वीआईपी ब्रेक दर्शन के बाद श्रद्धालु जल्दी सुबह के समय की मांग करते हैं। आमतौर पर यह समय सुबह 5.15 से लेकर सुबह 8 बजे तक होता है। हालांकि, अब प्रस्ताव दिया गया है कि इस समय को बदलकर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तक किया जाए। अब तक सुबह 2.30 बजे से लेकर सुबह 8 हजे तक और कभी-कभी सुबह 10 बजे तक भी वीआईपी सेवा का लाभ उठाते थे।

**आम श्रद्धालुओं की परेशानी**

कतारों में इंतजार कर रहे आम श्रद्धालु वैकुंटम क्यू कॉम्प्लैक्स में इंतजार में भी फंसे रह जाते थे। उन्हें प्रतिदिन VIP स्लॉट के दर्शन पूरे होने के लिए घंटों इंतजार करना होता था।

## स्टांप पेपर पर हो रही है लड़कियों की नीलामी, एनएचआरसी ने मामले पर लिया संज्ञान,राजस्थान सरकार को भेजा नोटिस

**भीलवाड़ा, 28 अक्टूबर 2022।** राजस्थान के भीलवाड़ा में स्टाम्प पेपर पर 8-18 साल की लड़कियों को बेचे जाने का मामला सामने आने के बाद हडकंप मच गया है. इस पूरे मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान सरकार को नोटिस जारी किया है.

मानवाधिकार आयोग ने मीडिया में आयी खबर पर राजस्थान के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर मामले पर रिपोर्ट मांगी है. साथ ही आयोग ने राजस्थान के डीजीपी को भी नोटिस जारी किया है. आयोग के मुताबिक, राजस्थान के आधा दर्जन जिलों में लड़कियों को स्टाम्प पेपर पर बेचा जाता है. साथ ही विवादों के निपटारे के लिए जाति पंचायतों के फरमान पर उनकी माताओं के साथ बलात्कार किया जाता है. जब भी दोनों पक्षों के बीच विशेष रूप से वित्तीय लेनदेन और ऋण आदि को लेकर कोई विवाद होता है, तो पैसे की वसूली के लिए 8-18 वर्ष की आयु की लड़कियों की नीलामी की जाती है.



रिपोर्ट्स के मुताबिक इन बच्चियों को खरीदकर P, MP, दिल्ली सहित विदेशों में भेजा जाता है. जानकारी के मुताबिक राजस्थान में जाति पंचायतें सीरिया और इराक की तरह इस अपराध को अंजाम दे रही हैं, जहां लड़कियों को गुलाम बनाया जाता है. खबर के मुताबिक उम्र और सुंदरता के हिसाब से लड़कियों की बोली लगती है. कम उम्र की लड़कियों की बोली 8 से 10 लाख में लगती है।

**बीजेपी हुई हमलावर**

इस मामले के सामने आने के बाद बीजेपी राज्य की गहलोत सरकार पर हमलावर हो गई है. भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने Tweet करते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी का नारा तो है, 'लड़की हूँ लड़ सकती हूँ' का, लेकिन हकीकत राजस्थान में देखें, जहां बहन बेटियों की खुलेआम नीलामी चल रही है ।कांग्रेस के कुशासन से तंग आकर अब राजस्थान की बेटियां कह रही हैं; 'लड़की हूँ बच सकती हूं, तभी तो राजस्थान में रह सकती हूं.'

# चुनावी वादे को लेकर निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2022।** निर्वाचन आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित किए जाने के बाद से इन विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल सहित क्षेत्रीय पार्टी भी सक्रिय हो गई है। चुनाव प्रचार तेज होने के साथ ही चुनावी वायदों का दौर भी शुरू हो चुका है और सभी राजनीतिक दलों की ओर से जनता को लुभाने के लिए घोषणा पत्र जारी कर जनता बीच जा रहे हैं।



राजनीतिक दलों की ओर से किए जाने वाले चुनावी वादे इन दिनों इलेक्शन कमीशन की नजर पर हैं। आयोग ने एक ऐसा प्रस्ताव रखा है जिसमें कहा गया है कि हर एक पार्टी को इसकी डिटेल भी बतानी होगी कि वह अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए धन कहां से हासिल करेगी। जानना दिलचस्प है कि इस प्रस्ताव का समर्थन केवल भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल ने ही किया है।

कांग्रेस ने इस प्रस्ताव को गैर-जरूरी व अव्यवहारिक करार दिया है और चुनाव आयोग से इसे लेकर सवाल भी किए हैं। कांग्रेस ने यह पूछा कि अगर कोई दल अपने चुनावी वादे को पूरा नहीं कर पाता है तो इस कानून को कैसे लागू किया जाएगा। कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को भेजे अपने जवाब में कहा कि चुनावी वादों को पूरा करना राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। साथ ही किसी भी मामले में झूठे वादों का पर्दाफाश तो हो ही जाता है।

**मापका बोली- यह EC के दायरे में नहीं**

माकपा की ओर से इलेक्शन कमीशन के इस प्रस्ताव का विरोध किया गया है। सीपीआईएम महासचिव सीताराम येचुरी ने अपने जवाब में कहा, 'संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को इलेक्शन के समय राजनीतिक दलों की घोषणाओं और वादों के मूल्यांकन का अधिकार नहीं देता है। आदर्श आचार संहिता में प्रस्तावित संशोधन और चुनावी वादों के वित्तीय प्रभावों के खुलासे के प्रयास से आयोग राजनीतिक-नीतिगत मामलों में शामिल होगा, जो इसके दायरे में नहीं आता है।

**डी एम के आप और एआईएमआईएम प्रस्ताव के खिलाफ**

चुनाव आयोग के प्रस्ताव पर बीजेपी के जवाब से अवगत लोगों के अनुसार, भाजपा के विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'रेवड़ी कल्चर' वाली टिप्पणी से मिलते-जुलते हैं। पीएम मोदी ने कहा था कि हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। श्वष्ट के प्रस्ताव पर बीजेपी ने अपना जवाब दायर करने के लिए 18 अक्टूबर से आगे का समय मांगा था। दूसरी ओर DMK, AAP और AIMIM की ओर से इस प्रस्ताव के खिलाफ प्रतिक्रियाएं आई हैं।

## चुनावी विज्ञापनों में गड़बड़ी पर मेटा को अदालत ने सुनाई सजा,ठोका 2 अरब का जुर्माना

**नई दिल्ली ,28 अक्टूबर 2022।** अमेरिका में चुनावी विज्ञापनों से जुड़ी गड़बडियों के लिए वाशिंगटन राज्य की एक अदालत ने बुधवार को फेसबुक की मूल कंपनी मेटा पर लगभग 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी 2 अरब रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। इसे अमेरिकी इतिहास में राजनीतिक प्रचार अभियान से जुड़ी सबसे बड़ी वित्तीय सजा माना जा रहा है।




किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश डगलस नॉर्थ ने वाशिंगटन के फेयर कैंपेन प्रैक्टिस एक्ट के तहत मेटा को राजनीतिक विज्ञापनदाताओं के नाम-पतों का खुलासा न करने पर यह जुर्माना लगाया है। इस पूरे मामले पर मेटा ने कोई जवाब नहीं दिया है। वाशिंगटन के पारदर्शिता कानून के तहत मेटा को राजनीतिक विज्ञापनदाताओं के नाम-पते बताने जरूरी हैं।

कंपनी को ऐसे किसी भी यूजर को मांगने पर विज्ञापनदाताओं के नाम और पते बताने होंगे। लेकिन मेटा ने अदालत में बार-बार इस पर आपत्ति की। फेसबुक ने राजनीतिक विज्ञापनों के आर्काइव रखे हुए हैं, जिसको वह प्रसारित भी करता है, लेकिन इस कानून के तहत सूचना को जरूरी तौर पर सार्वजनिक करने का पालन नहीं किया।

मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन ने बृहस्पतिवार को इंटरनेट और इसकी सुरक्षा के संबंध में भारत की नीति की सराहना की। मोहन ने कहा, हम सरकारी विनियमन का स्वागत करते हैं। भारत में सरकार इंटरनेट सुरक्षा के लिए कंपनियों को जवाबदेह ठहराने के बारे में मुखर रही है और हम इस एजेंडे के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। मेटा इंडिया के प्रमुख ने कहा, जिस तरह से भारत सरकार ने देश में इंटरनेट सेवाओं और व्यावहारिक रूप से डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दिया है। यह एक उल्लेखनीय काम है।

**मेटावर्स से जन्मेगा नया साइबर अपराध, इंटरपोल ने कहा- आभासी दुनिया मौजूदा अपराध की तीव्रता को कई गुना बढ़ा देगी**

अंतरराष्ट्रीय पुलिस एजेंसी इंटरपोल ने कहा, मेटावर्स साइबर अपराध की दुनिया में नई तरह के अपराध को जन्म देगा। एजेंसी ने इससे मौजूदा अपराध की तीव्रता बढने की आशंका जताते हुए संभावित खतरों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इंटरपोल के कार्यकारी निदेशक मदन ओबरॉय ने कहा, इंटरपोल के सदस्य देशों ने मेटावर्स अपराधों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, कुछ मौजूदा अपराध इस माध्यम के जरिये बड़े पैमाने पर घटित हो सकते हैं।

## संपादकीय

# नोट पर किसकी तस्वीर लगे?

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर लगने वाली तस्वीर को लेकर काफी समय से चल रही बहस को आगे बढ़ाया है। कुछ दिन पहले भाजपा के नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी ने एक कार्यक्रम में रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाने की बात कही थी। अब अरविंद केजरीवाल ने भी यहीं बात कही है। उन्होंने कहा है कि दिवाली के मौके पर लक्ष्मी पूजन करते हुए उनके दिमाग में यह बात आई। उनके कहने के बाद उनकी पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि यह सिर्फ अरविंद केजरीवाल का सुझाव नहीं है, बल्कि देश के 130 करोड़ लोगों का सुझाव है। पता नहीं केजरीवाल को 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि किसने बना दिया? बहरहाल, केजरीवाल के सुझाव से यह बहस चल निकली है। इसके राजनीतिक पहलू अपनी जगह हैं लेकिन उनके सुझाव से यह सवाल उठा है कि क्या रुपए पर दूसरी तरफ कोई तस्वीर छपनी चाहिए? एक तरफ महात्मा गांधी की तस्वीर होती है, जिसके बारे में केजरीवाल ने कहा कि उसे बनाए रखा जाए और दूसरी तरफ लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगे। इससे पहले भाजपा और कई हिंदुवादी संगठनों के नेता कुछ दिन पहले से मांग कर रहे हैं कि रुपए पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर भी लगे क्योंकि आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भी महात्मा गांधी से कम नहीं है। सो, लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर का मुद्दा आने से पहले सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर लगाने का मुद्दा आ चुका है। उससे भी पहले सोशल मीडिया में एक बड़ा समूह था, जो विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर लगाने की मांग करता था। जब केजरीवाल ने लक्ष्मी व गणेश की तस्वीर लगाने का सुझाव दिया तो कई लोगों ने कहा कि सावरकर की तस्वीर न लगे, इसलिए केजरीवाल ने यह सुझाव दिया है। सो, रुपए पर तस्वीर लगाने के लिए नेताजी, सावरकर और लक्ष्मी व गणेश का प्रस्ताव आ चुका है।अगर दुनिया की दो सबसे मजबूत और लोकप्रिय मुद्राओं- डॉलर और पाउंड को देखें तो उन पर अलग अलग लोगों की तस्वीरें होती हैं। हर मूल्य के पाउंड पर सामने की तरफ महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर होती है और अलग अलग मूल्य के पाउंड पर दूसरी ओर एलन ट्यूरिंग से लेकर विंस्टन चर्चिल तक की तस्वीरें हैं। महारानी के निधन के बाद तस्वीर बदल सकती है और किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर छप सकती है। अलग अलग मूल्य के डॉलर पर भी जॉर्ज वाशिंगटन से लेकर अब्राहम लिंकन की तस्वीरें हैं। सो, भारत में भी अलग अलग मूल्य के रुपए पर एक तरफ महात्मा गांधी की फोटो रखते हुए दूसरी ओर अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई जा सकती है। जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर भी लगाई जा सकती है।

## जिंदगी



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

जिंदगी जैसे ख़्वाब लगती है
चमकता माहताब लगती है
सजी संवरी सी रहती है यूंतो
फिर क्यूं उलझी बेआब लगती है
लम्हों के काफिलों में रहके भी
तनहां क्यूं बेहिसाब लगती है
दिल भटकता है इक झलक के लिये
डाले रूख़ पे नकाब लगती है
झांक के देख दिल के सागर में
भीगा भीगा शबाब लगती है
मिलती जब रूह के उजालों में
तब कहीं बे-हिज़ाब लगती है
चाहे जैसी भी हो मगर स्वाती
हसीन लाजवाब लगती है

## दागदार



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

एक बार हमको पुकार देखिये
साथ में ज़िन्दगी गुज़ार देखिये
मुस्कुरा कर हमसे मिलिए हुज़ूर
आएगी फिर कैसे बहार देखिये
अरसा बीता आप समझे नहीं हमें
समझ न आएंगे बार बार देखिये
अपने दामन में ज़रा दाग़ न दिखे
औ दूसरों के चाक दाग़दार देखिये
ग़म के हों पल या ख़ुशी के लम्हे
गीत आँख में आबशार देखिये


## दांव



ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

एक तेरा और एक मेरा दांव हो जाए।
चल जिन्दगी कुछ मोल भाव हो जाए।
कब तक चले यूं सरपट रास्तों पर,
थोडा उतार और थोडा चढ़ाव हो जाए।
आओ कि सच झूठ की पहचान कर ले,
इन रिश्तों में जरा सा बिखराव हो जाए।
इस वक्त के तेवर निराले है सागर,
कब नाव पे नदी, नदी पे नाव हो जाए।

## जीत का सेहरा



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

निराशा का है ये समुंदर गहरा
कुछ ही देर का और सफर है
देख किनारा चमकता सुनहरा
खे ले नैय्या, तुझे क्यूँ फ़िकर है
नही छोड़ना ये कश्ती बेसहारा
तेरे हौसले का हो रहा असर है
जल्द ही बंधेगा,जीत का सेहरा
लहरों का ज़ोर हुआ बेअसर है
जीत का दिया तूने परचम लहरा
कहाँ अब रही कोई भी कसर है

# जन आस्था का महापर्व है छठ पूजा



रमेश सर्राफ
धमोरा
झुंझुनू,
राजस्थान

छठ पूजा
हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण हिन्दू शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं।

छठ सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।



छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरुआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

लोक आस्था के महापर्व छठ का हिंदू धर्म में अलग महत्व है। यह एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

# छठ महापर्व



चन्दन केशरी
झाझा,जमुई
बिहार

पर्व तो हमारे सनातन धर्म में बहुत से हैं, लेकिन छठ पूजा तो हमारे लिए महापर्व है। आखिर ऐसी क्या विशेषता है छठ पूजा में, जिसके कारण इसे पर्व नहीं बल्कि महापर्व कहते हैं, आइए जानते हैं।

छठ पूजा उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए सबसे बड़ा त्योहार है। वर्तमान समय में यह त्योहार सिर्फ बिहार और उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि इसके साथ भारत के अन्य राज्यों तथा विदेशों में भी फैल रहा है। छठ मैया की महिमा ही ऐसी है कि जो भी उनके शरण में आता है, उसके सारे दुख माँ हर लेती है। यही वह त्योहार है; जिसका सभी यू0पी0, बिहार के लोगों को इंतज़ार रहता है। इसी त्योहार के बहाने दूर रहकर कमाने-खाने वाले लोग भी अपने घर वापस आते हैं और सपरिवार छठ पूजा मनाते हैं।

इस चार दिवसीय आस्था के महापर्व का आरम्भ नहाय खाय से होता है, जिसे कद्दू-भात के नाम से भी जाना जाता है। कहीं हलवा, तो कहीं खीर, कहीं फल, तो कहीं कुछ ; हमें ये चीजें ही प्रसाद के रूप में मिलती है; लेकिन इस त्योहार में नहाय खाय के दिन जो प्रसाद मिलता है ; वह है कद्दू-भात।

इस त्यौहार में दूसरे दिन खरना होता है, जिसे लोहंडा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन से ही व्रतियाँ निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन शाम में प्रसाद के रूप में रसिया या खीर मिलता है। यह रसिया भी आपको किसी अन्य त्योहार में देखने को नहीं मिलेगा।



छठ पूजा के तृतीय दिवस को संध्या अर्घ या पहला अर्घ कहते हैं, इस दिन लोग अपने माथे पर दउरा उठाकर छठ घाट तक ले जाते हैं। दउरा उठाने का भी अपना एक अलग उत्साह रहता है, क्योंकि यह अवसर भी बड़े सौभाग्य से मिलता है। इस दिन अस्त होते सूर्य को अर्घ दिया जाता है। यूँ तो हम सभी ने देखा है कि हमेशा उगते सूर्य की ही पूजा की जाती है, लेकिन यही एक त्योहार है जिसमें डूबते सूर्य की पूजा होती है।

इसके अगले दिन को प्रातः अर्घ या पारण कहा जाता है। इसमें सूर्योदय से पहले ही लोग छठ घाट पर पहुँचे होते हैं। व्रतियाँ हाथ जोड़े खड़ी रहती हैं और प्रतीक्षा करती हैं सूर्योदय की। सूर्योदय होते ही शुरु होता है इस दिन का कार्यक्रम, जिसमें उगते सूर्य को अर्घ दिया जाता है। इस दिन प्रसाद के रूप में फल तो रहता ही है, लेकिन इससे कहीं अधिक विशेष रहता है ठेकुआ। यह ठेकुआ हमारे लिए सिर्फ एक प्रसाद नहीं है, यह हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है जिसे हमसे अलग नहीं किया जा सकता है। ठेकुआ हमारे लिए एक ऐसी चीज है जिसपर सिर्फ नज़र पड़ जाने से ही हमें छठ पूजा की याद आने लगती है, छठ पूजा के दृश्य हमारे दिमाग में घूमने लगते हैं। ऐसा लगता है कि ठेकुआ से हमारा रिश्ता जन्म-जन्म का हो।

इस त्योहार की लोकप्रियता हर ओर बढ़ती जा रही है। यू0पी0, बिहार के लोग चाहे विदेश में ही क्यों न हो ; वे छठ पूजा मनाना नहीं भूलते। यह त्योहार सभी लोग जात-पात, ऊँच-नीच से ऊपर उठकर एक साथ एक ही छठ घाट पर मनाते हैं। इस त्योहार में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है, साथ ही साथ इसमें हमारी संस्कृति की झलक भी देखने को मिलती है।

यह ऐसा त्योहार है, जो बिना किसी पुजारी के मनाया जाता है। छठ मैया के गीत ही इस दौरान हमारे तन-मन में आस्था का संचार करती रहती है। अंगीका, मगही, मैथिली, अवधी ; इन लोकभाषाओं में लिखे छठ पूजा के गीत इतने सरल भाव में होते हैं कि किसी के भी हृदय को स्पर्श करने के लिए काफी हैं।

छठ पूजा की बात हो और शारदा सिन्हा जी का नाम न आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। उनके गाए गए छठ गीत के बिना तो हमारा छठ अधूरा है।

ऐसा माना जाता है कि द्रौपदी ने भी छठ व्रत किया था। और तो और सूर्यपुत्र कर्ण भी छठ व्रत करते थे। अर्थात यह महापर्व कोई नया पर्व नहीं है, यह तो युगों-युगों से चला आ रहा है।

व्रतियाँ छठ व्रत मनोवांछित फल एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। व्रतियाँ संतान प्राप्ति के लिए भी छठ का व्रत रखती हैं और छठ मैया भी उनकी गोद भर देती हैं।

छठ मैया और हमारा संबंध एक माता और उसकी संतान की तरह है। हम छठ मैया की संतान उनसे जो भी माँगते हैं, वह हमें अवश्य देती है। यह त्योहार हमारे लिए अन्य सभी त्योहारों से बड़ा एवं विशेष है, और क्यों है विशेष यह तो आप सभी ने जान लिया। तो आज के लिए सिर्फ इतना ही... धन्यवाद!

# हिजाब पर एक मत नहीं

हमारा एक ही देश है । एक संविधान है । सभी के लिए एक ही कानून है । अदालत की व्यवस्था भी समान है, लेकिन दो सुप्रीम न्यायाधीशों के एक ही विषय पर फैसला अलग बंटे हुए हैं । यह हैरानी की बात नहीं है, न्यायिक अनिश्चितता की स्थिति है । न्यायाधीशों की बंटी राय के आधार कानून की अलग-अलग व्याख्या न्यायाधीशों के विवेक और विशेषाधिकार हो सकते हैं । इसी बहस के दौरान मुद्दा सामने आया कि अदालतों को धार्मिक गुत्थियों की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। अदालतों को %धर्मनिरपेक्ष करार दिया गया है, लिहाजा के धर्म के किसी एक पक्ष पर अपना अभिमत नहीं दे सकतीं । अयोध्या विवाद के दौरान भी यह मुद्दा उभरा था । यदि किसी जगह संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो अदालत का हस्तक्षेप स्वाभाविक है । आखिर यह कौन तय करेगा कि अमुक धार्मिक मुद्दे पर अदालत मामले की सुनवाई से ही इंकार कर दे अथवा मामले की न्यायिक समीक्षा की जाए ? सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राम मन्दिर पर भी फैसला सुनाया था और तीन तलाक पर भी न्यायिक व्याख्या की थी । दोनों पर कानूनन फैसले दिये जा चुके हैं, जो लागू भी हैं । अब हिजाब का मुद्दा किन धार्मिक मूल्यों और रीति-रिवाजों का उल्लंघन कर रहा है, जो यह बहस उभरी है कि अदालतें धार्मिक विषयों की सुनवाई और व्याख्यान करें । धार्मिक विवादों की सुनवाई किन अदालतों में होगी ? आखिर विवादों का निपटारा तो कानूनन ही करना पड़ेगा, तो कानून की सम्यक व्याख्या कौन करेगा ? मुस्लिम सांसद, नेता, मौलाना मुफ्ती ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा है कि हिजाब सरीखे मज़हबी और इस्लामी मामलों में अदालतें हस्तक्षेप न करें । उनके लिए कुरान और पैगम्बर के फरमान अन्तिम हैं और वे उन्हीं का पालन करेंगे । सवाल यह भी है कि क्या ऐसे मामलों की सुनवाई सरिया अदालतें करेंगी ? क्या उन्हें भी संवैधानिक वैधता दी जायेगी ? बहरहाल कुरान में लिवास और हिजाब को लेकर कोई फरमान नहीं है । सिर्फ गरिमा का उल्लेख किया गया है, जो औरतों और मर्दों दोनों पर लागू होता है । ऐसा केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सरीखे इस्लामी स्कॉलर समेत कई मुस्लिम विद्वानों ने कहा है । हम तो कुरान और इस्लाम के अध्येता भी नहीं हैं, लिहाजा हमारा कथन अतिक्रमण होगा अब सांसद ओवैसी या सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने कुरान और इस्लाम की जो व्याख्याएं दी हैं, उन्हें ब्रह्म वाक्य नहीं माना जा सकता । ये किन आयतों के उद्धरण दे रहे हैं या गैर-हिजाब वाली रवायत को आवारगी करार दे रहे हैं, उन पर भी ढेरों असहमतियां हैं ।

-अजय दीक्षित-

# आओ हेट स्पीच,अनैतिक आचरण को जड़ से समाप्त करें



एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर
भारत आध्यात्मिक सोच, संस्कारों, आस्था, मान्यताओं पर झुकाव अधिक रहा है। अनेक जाति धर्मों का एक माला के रूप में पिरोया भारतीय समाज खूबसूरती से अपने-अपने जाति धर्म की आध्यात्मिकता में अधिक विश्वास रखता है जो अनेकता में एकता का प्रतीक है। भारत में यह प्रथा सदियों से चली आई है फ़िर न जाने क्या हुआ कि जाति धर्म रूपी असुर दैत्य का जहरीला पंजा पड़ा जिसने विभिन्न जाति धर्मों को बहकाया जरूर पर तोड़ नहीं सका और हम सब एक हैं। हमारा सुर एक साथ निकला और हम बोल पड़े मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा की सोच कायम है, पर हमें यह मार्गदर्शन और संस्कार युवाओं तक भी पहुंचाना जरूरी है क्योंकि यह हमारे भविष्य हैं, परंतु हम अभी युवाओं के आचरण में अपेक्षाकृत मिठास को कम होते देख रहे हैं इसका मुख्य कारण तेजी से बढ़ रहे हेट स्पीच और अनैतिक आचरण की हवाओं से सौहार्दपूर्ण माहौल में कुछ धार्मिक कट्टरपंथी, राजनीतिक एंगल, दुष्प्रचार एंगल और विदेशी ताकतों की हलचल मुख्य कारण हो सकते हैं, जिसे रोकने के लिए बड़े बुजुर्गों को आगे आना होगा और इन विकारों को रोकने के लिए आध्यात्मिकता की ओर मोड़कर संस्कारों में ढालना जरूरी है, अन्यथा कानूनी कार्यवाही न्यायालीन सजा सटीक उपाय है ही परंतु इसकी नौबत ना आए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच के कानूनी पहलू की करें तो भारतीय दंड संहिता में इसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं है परंतु यह उन शब्दों को संदर्भित करता है जिनका इरादा किसी विशेष समूह के प्रति घृणा पैदा करना है यह समूह एक समुदाय धर्म जाति विशेष हो सकता है इसके परिणाम स्वरूप हिंसा की संभावना होती है पुलिस अनुसंधान विकास ब्यूरो ने भी हेट स्पीच की परिभाषा विकसित की है। भारत के विधि आयोग ने भी अपनी 267 वीं रिपोर्ट में हेट स्पीच को मुख्य रूप से जाति नस्लें लिंग योन धार्मिक विश्वास आदि के खिलाफ घिणा को उकसाने के रूप में देखा जाता है। आईपीसी में हेट स्पीच की धारा 153 ए 153 बी 295 ए 505(1) 505(2) में दंडनीय अपराध है जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकने की शक्ति है। साथियों बाद अगर हम हेट स्पीच पर दिनांक 27 अक्टूबर 2022 को आए एक न्यायालीन फैसले की करें तो यूपी के एक विधायक को 3 साल की कैद की सज़ा हुई है और उनकी विधायकी खारिज होगी,बता दें हेट स्पीच से जुड़ा यह मामला साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान का है। 27 जुलाई 2019 को एक पार्टी के नेता ने विधायक उमीदवार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप था कि रामपुर की मिलक विधानसभा सीट पर जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने ने एक चुनावी भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने सीएम यूपी, पीएम और तत्कालीन डीएम को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। 3 साल बाद, 27 अक्टूबर 2022 को इसी मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनको दोषी करार दिया और सजा का एलान किया।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच और अनैतिक आचरण को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो, संसार में मानव परमात्मा की प्रमुख व खूबसूरत कलाकृति है तथा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मानव होने के नाते हम कुछ ऐसी मानवीय संवेदनाओं, आवश्यकताओं, अपेक्षाओं व धारणाओं के सूत्र में बंधे हुए हैं, जिसका कोई कानूनी, शास्त्रीय, धार्मिक या जातीय प्रतिबंध न होते हुए भी हमारे निजी, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय जीवन से सीधा सरोकार है। इनका निर्वाह हमारे नैतिक दायित्व के अंतर्गत प्रमुख है। किसी लाभ, स्वार्थ या प्रतिफल की इच्छा के बिना दूसरों की मंगल कामना, लोक कल्याण, सबके हित में योगदान करना भी हमारे दायित्व में आता है।

साथियों आज की युवा पीढ़ी को भावी व चरित्रवान बनाना तथा पौराणिक ज्ञान से दनुप्रमाणित होकर आधुनिक तकनीक और विज्ञान में भी किसी से पीछे न रहने की पद्धति का अनोखा संगम बच्चों के भविष्य को एक स्वर्णिम राह की ओर ले जाएगा। अगर सभी अच्छे बन जाएंगे तो निश्चित रूप से समस्त समाज भी अच्छा हो जाएगा। शिक्षक के रूप में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य शिष्यों को सभ्य एवं शिक्षित बनाना है न केवल साक्षर। शिक्षक होने के नाते हमारा दायित्व हो जाता है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों को भी भरें और संस्कारों को लेकर उनके साथ रोजाना बातचीत की जाए। रोजाना अगर संस्कार की बात होगी तो बच्चे स्वयं ही नैतिक मूल्य व संस्कारों के प्रति सजग रहेंगे जिससे हमारा दायित्व भी पूरा हो जाएगा। आज के परिदृश्य में नैतिकता की लकीर खोती जा रही है जिसके परिणामस्वरूप असंगठित व्यक्ति बनते हैं, जो परिणामस्वरूप सामाजिक अव्यवस्था के रूप में प्रकट होता है।युवाओं में नैतिक भावना का अभाव चिंता का कारण है। क्योंकि ये किशोर अपने आप को अनैतिक आचरण में लिप्त कर रहे हैं जो न केवल क्षुद्र हो सकता है बल्कि गंभीर भी हो सकता है। इस चिंता के लिए बहुत सारे कारक हो सकते हैं लेकिन व्यक्तिगत कारकों में नैतिकता की कमी की अधिक भूमिका होती हैयह उनकी सभी इच्छाएं हैं जिनमें नैतिक पहलुओं का अभाव है।

किशोरों में आपराधिक प्रवृत्ति देखी जा सकती है। इस तथ्य के बावजूद कि वयस्कों के साथ युवाओं के जुड़ाव के प्रमाण बढ़ रहे हैं। यह भी माना जाता है कि अपराध व्यक्तिगत कुसमायोजन का उत्पाद है अर्थात नैतिक भावना का नुकसान है।विद्यार्थियों में नैतिकता, अच्छे विचारों, शिष्टाचार, आदर, विनम्रता, सहनशीलता का गुण उत्पन्न होने चाहिए। इसके लिए उन्हें प्रेरणादायी पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। देश के महान पुरुषों की जीवनियां, अपने देश के पवित्र ग्रंथों, वेदों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने और अपने अच्छे आचरण व स्नेह के कारण उनके अंदर नैतिकता पैदा की जा सकती है। आदमी के अंदर तीन गुण विद्यमान होते हैं सत, रज, तम। हमें सतोगुण को बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। सतोगुण का विकास अष्टांग योग के यम, नियम की पालना करने से होता है। सतोगुण वेदों, महान लोगों की जीवनी, सत्संग, भागवत इत्यादि का श्रवण करने से आते हैं। आज की युवा पीढ़ी को इस तरह की पुस्तकों का स्वध्याय करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय में जब बच्चा प्रवेश लेता है तो उस समय वह शून्य होता है। यह उत्तरदायित्व शिक्षक का बन जाता है कि उसे एक अच्छा इंसान बनाया जाए। उसके अंदर गुणों का विकास किया जाए, उसे अच्छे-बुरे की समझ हो।

साथियों इसके साथ ही जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे नेतृत्व कर्ताओं को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि हेट स्पीच अनैतिक आचार से जनता का बचाव करें न कि स्वयं ही इन विकारों का भागी बन कर कानूनी धाराओं में फस कर जेल के द्वार जा पहुंचे इसलिए हम सबका आध्यात्मिकता की राह पर चलकर ज्ञानरूपी मंत्र को ग्रहण करना जरूरी है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे वरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ हेट स्पीच, अनैतिक आचरण को जड़ से समाप्त करें। आध्यात्मिकता, हेट स्पीच अनैतिक आचरण को दूर करने का मूल मंत्र है। पैतृक संस्कारों के साथ आध्यात्मिक सोच विकसित करना जीवन को सकारात्मक बनाने में तकनीकी बदलावों में सहायक है।

## मोबाइल



नितेश
कुमार
दिवाकर
बैकुंठपुर
छत्तीसगढ़

महंगे महंगे फोन,दिखते हैं स्टाइल में,
गुम है हर इंसान आज मोबाइल में /
रिश्ते नाते गये,खो गई सबकी स्माइल,
जब से आया है सबके हाथ में मोबाइल
किसी के पास सैमसंग,किसी के वीवो,
कोई चलाये ऍम आई, तो कोई ओप्पो /
किसी के हाथ टेक्नो,किसी के आइफोन,
सबके मोबाइल में अलग अलग रिंगटोन
दोस्ती यारी गये भूल,बदल रहें प्रोफाइल,
जब से आया है सबके हाथ में मोबाइल
नशे में आज इंसान झूम रहा उताइल में,
देखो गुम है हर इंसान आज मोबाइल में
डाटा ख़तम हो जाये तो
छटपटाते हैं ऐसे,
जैसे बिन पानी के मछली
तड़प मर जाये
चार्जिंग ना हो मोबाइल में
तो तड़पते ऐसे,
फिर भौरों की तरह यहाँ वहाँ भींनभीनाये
लोगों की जान जाती
सेल्फी लेते स्माइल में,
देखो गुम है हर इंसान आज मोबाइल में
रिश्तों की अहमियत
कैद हो गई फ़ाइल में,
देखो गुम है हर इंसान आज
मोबाइल में

## मेरे दिल में फिक्र उसकी हर बार हुई



रामेश्वर दास
भान
करनाल
हरियाणा

मुलाकात जब उनसे पहली बार हुई,
फिर बातें उनसे मेरी हर बार हुई,
यों ही उसने समझा था मुझे अपना,
मेरे दिल में फिक्र
उसकी हर बार हुई,
साथ चलने का वादा
जो उसने किया,
मेरे सफ़र में
हमसफ़र की शुरुआत हुई,
जीने की चाह मिल गई उसके संग,
पाकर उसे रोशन मेरी ज़िन्दगी हुई,
बढ़ते जाते हैं कदम
उसके कदमों के साथ,
साथ रहकर जो जिंदगी
उसके साथ हुई,
छटं गये है अंधेरे
उसके आने से मेरे,
उजालों भरी अब मेरी हर रात हुई,
नहीं लगता कहीं दिल
उसके बैगर अब,
जब से दस्तक
उसकी मेरे दिल पर हुई,
भर जाता है मन
सारी बातें कर उससे मेरा,
उसके दिल से
मेरे दिल की जब से बात हुई,

## अहमियत



गरिमा राकेश
गर्विता
कोटा राजस्थान

अहमियत आपकी मेरे जीवन में
साँसों जितनी हैं।
मानो या ना मानों पर पापा आप ही
मेरी जिंदगी हैं।
आपके प्रेम में मैंने चलना
सीखा हैं।
लड़खड़ाते मेरे कदमों को आपने
दिया सहारा हैं।
वात्सल्य से भरा हाथ आपका जब
मेरे सर पर होता हैं।
मुझको पलभर में ही मिल जाता
नवनिधियों का खजाना हैं।
पापा आप मेरे जीवन में
धड़कनों सी अहमियत रखते हों
मानो या ना मानों पर आप ही
मेरी जिंदगी हो।

## आया छट पर्व सुहाना



अशोक पटेल आशु
,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

आया छट का पर्व यह सुहाना
करे हम सूर्य देव की उपासना।
सूर्य का ओज और कांति मिले
तनमन स्वस्थ हो आरोग्य मिले।
हमे सूर्य देव की कृपा दृष्टि मिले
सुख सन्तति और सम्पत्ति मीले।
सारी सृष्टि का हम आभार करे
आओ सूर्य देव का सम्मान करें।
आओ प्रकृति का हम मान करे
छिति जल पावक का ध्यान करें।
गगन हवा का चलो गुणगान करे
चलो सूर्य देव को जलअर्पण करें।
यही हमारे देवत्व और पालक हैं
यही हमारे सब कुछ सहायक हैं।
यही हिन्दू सनातन की पहचान है
तभी तो हमारी संस्कृति महान है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# ज्वेलरी दुकान में खरीदारी करने के नाम पर उठाइगिरी करने वाले महिलाओं के गिरोह को दबोचा गया

## सरगुजा पुलिस ने महाराष्ट्र,नागपुर से तीन महिला सहित चार लोगों को किया गिरफ्तार



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान में खरीदारी करने के नाम पर महिलाओं द्वारा उठाइगिरी करने के मामले में सरगुजा पुलिस ने महिलाओं का अंतर्रराज्यीय गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने महाराष्ट्र नागपुर से तीन महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा करते हुए सरगुजा एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को 3 अज्ञात महिलाओ द्वारा गांधीनगर स्थित साईं मंदिर के पास सोनी ज्वेलरी दुकान में खरीदारी करने के नाम पर तीन महिलाएं गईं थी। इस दौरान दुकान संचालक कुंदन सोनी का ध्यान भटका कर महिलाओं द्वारा सोने के आभूषण लॉकेट, कान का टप्स और मंगलसूत्र उठाइगिरी कर ले गए थे। दुकान संचालक द्वारा मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। त्योहार के समय हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आईजी अजय यादव ने पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में एसपी ने आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सीएसपी स्मृतिक राजनैला, एसडीओपी अखिलेश कौशिक व गांधीनगर थाना प्रभारी कलीम खान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आरोपियों तक पहुंने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी दीगर राज्य महाराष्ट्र नागपुर से संबंध होने का पता चला। विशेष टीम महाराष्ट्र नागपुर पहुंच कर आरोपी संगीता राजेश रायपुरे, सुजाता प्रमोद बोरकर, रंजना सुरेश ढुके, एवं घटना में शामिल विशाल चौधरी निवासी सभी साकिन नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर थाना गांधीनगर लाकर पूछताछ की गई। जो आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देने स्वीकार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर कर दी है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विजय दुबे ,उपनिरीक्षक प्रमोद दुबे,स.उ.नि. विनय सिंह, भूपेंश सिंह, विवेक पांडेय, प्रआर सुधीर सिंह, आर सत्येंद्र दुबे, बृजेश राय, अमित प्रविन्द सिंह ,संगीता बड़ा, अमृत सिंह, सुयश पैकरा शामिल रहे।

### 2 सौ से अधिक खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज

त्योहार के समय उठाइगिरी की घटना होने के बाद सरगजा पुलिस में हड़कंप थी। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित किए थे। विशेष टीम मामले की विवेचना कर रही थी। आरोपियों तक पहुंचने के लिए टीम को घटनास्थल व आस पास लगभग 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की सराग लग पाई थी। एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि घटना के दौरान महिलाएं ज्वेलरी दुकान से सोने के आभूषण लॉकेट, कान का टप्स और मंगलसूत्र उठाइगिरी किए थे। जिसकी कीमत लगभगा डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से शत प्रतिशत सोने के जेवरात मशरूका बरामद किया है। शत प्रतिशत मशरूका बरामद होने पर दुकान संचालक ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया है। दुकान संचालक ने कहा है कि आरोपियों तक पहुंचने में सीसीटीवी अहम है। मैं अपने दुकान के आस पास और सीसीटीवी कैमरा लगवाएंगे। एसपी ने बताया कि उठाईगिरी करने वाला महिलाओं का अंतर्रराज्यीय गिरोह है। घटना को अंजाम देने आरोपी कार से अंबिकापुर आए थे। यहां आने के बाद रेकी कर घटना को अंजाम दिया था। घटना को अंजामा देने के बाद सभी आरोपी कार से वापस चले गए थे।

# नहाय-खाय के साथ लोकआस्था के महापर्व छठ की हुई शुरुआत



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** नहाय-खाय के साथ लोकआस्था के महापर्व छठ की शुरुआत हो गई। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने शुद्धता के साथ भोजन तैयार कर ग्रहण किया। इस दिन से घर में शुद्धता का बहुत ध्यान रखा जाता है, और लहसुन-प्याज का सेवन करना वर्जित रहता है। छठ व्रत एक कठिन तपस्या की तरह माना जाता है। छठ का पहला दिन नहाय-खाय के रूप में मनाया गया। शनिवार को श्रद्धालु पूरे दिन उपवास रखकर शाम को घाट बंधान करनेंगे। इसके बाद शाम को खरना तैयार कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। छठ का महापर्व 28 अक्टूबर को नहाय खाय किया गया। इस दिन व्रती अनिवार्य रूप से नहा कर ही भोजन करते हैं। इसके बाद खरना 29 अक्टूबर को होगा। इस दिन पूरे दिन छठ श्रद्धालु उपवास रख कर शाम को खीर पूड़ी का प्रसाद ग्रहण करेंगी। 30 को अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। फिर इसके दूसरे दिन सुबह उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ पर्व पूर्ण हो जायेगा।

# अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण के मामले में उच्च न्यायालय ने ठेकेदार एवं अधिकारियों को भेजा नोटिस

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** अधिवक्ता डीके सोनी द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज प्राप्त किया गया तथा प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर खनिज भंडारण हेतु जारी अनुज्ञप्ति आदेश क्रमांक 3731 बैकुंठपुर में 31 दिसंबर 2020 के माध्यम से श्यामसुंदर जलोदिया आत्मज राम जीवन जलोदिया निवासी विद्यानगर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ को ग्राम मनवारी पंचायत मनवारी तहसील केल्हारी जिला कोरिया स्थित निजी भूमि स्वामी सेमवती के भूमि पर भंडारण की अनुज्ञप्ति जारी की गई है। अनुज्ञप्ति जारी करने के पूर्व निम्नलिखित तथ्यों को दरकिनार किया गया है, तथा माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक ओ.ए. 17/2019 में 26 नवंबर 2019 को पारित आदेश का उल्लंघन किया गया क्योंकि उक्त आदेश में स्पष्ट किया जाता है कि रेत खनिज के भंडारण हेतु कोई भी अनुज्ञा किसी नदी, नाले, अथवा जलाशयों के 5 किलोमीटर की सीमा के अंदर स्वीकृत ना की जाए। परंतु एनजीटी द्वारा निर्देश प्राप्त होने के बाद भी कोरिया जिले में जारी सभी अनुज्ञा बिना एनजीटी के निर्देश के पालन किए ही जारी कर दिए गए हैं जारी किए गए सभी अनुज्ञा एनजीटी के गाइडलाइन के विपरीत है।

तथा एनजीटी के गाइडलाइन का पालन अनुज्ञा जारी करने के पूर्व नहीं किया गया है। अतः एनजीटी द्वारा वर्णित निर्देश दिनांक से आज दिनांक तक जारी किए गए समस्त अनुज्ञा के भंडारण स्थल की भौतिक स्थिति की जांच कराकर एनजीटी के नियमों के निर्देशों के विपरीत जारी भंडारा अनुज्ञा को निरस्त करने का कष्ट करें, साथ ही एनजीटी के गाइडलाइन/निर्देशों की अवहेलना करते हुए जारी किए गए अनुज्ञा के संबंध में जिम्मेदार और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध जांच कराकर अग्रिम एवं उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।



जिस भूमि पर भंडारण के अनुज्ञप्ति जारी की गई है यह भूमि खसरा नंबर 71 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में 17 मई 2010 से बंधक है तथा उक्त भूमि में महुआ का पेड़ होना भी वर्णित है, उपरोक्त भूमि के खसरा, नक्शा में उक्त भूमि कृषि भूमि में दर्ज है जबकि भंडारण के लिए इस भूमि का उपयोग किया जा रहा है तो नियमानुसार भूमि का डायवर्शन व्यवसायिक होना चाहिए क्योंकि भूमि व्यवसायिक उपयोग के लिए उपयोग की जा रही है। भंडारण की अनुमति 31 दिसंबर 2020 को खनिज अधिकारी जिला कोरिया के द्वारा जो प्रदान की गई है उसमें यह शर्तें दी गई है कि अस्थाई भंडारण स्थल को पक्के तार, फेंसिंग या ईट की दीवार से घेरा जाना होना लेकिन मौका स्थल के फोटो एवं वीडियो से यह प्रमाणित है कि अस्थाई भंडारण स्थल पर किसी प्रकार से फेंसिंग नहीं किया गया है और ना ही भंडारण स्थल पर भंडारण संबंधित कोई बोर्ड ही लगाया गया है जो नियमों के विपरीत है। भंडारण स्थल आबादी क्षेत्र में हैं और कच्ची सड़क आवागमन के लिए हैं जिससे पर्यावरण एवं आसपास के लोगों को भी स्वास्थ संबंधी सुविधाएं होने की आशंका बनी हुई है। इसी प्रकार से कोरिया जिले के दो अन्य भंडारण अनुज्ञप्ति में भी अनियमितताएं हैं जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कोरिया के द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1490 बैकुंठपुर 27 अक्टूबर 2021 में विकास प्रताप सिंह एंड कंपनी प्राइवेट ग्राम बिछिया टोला ग्राम पंचायत केल्हारी एवं कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कोरिया के द्वारा जारी आदेश क्रमांक/ 191 दिनांक 5/2/2021 के माध्यम से परमेश्वर आत्मज श्री रामकुमार निवासी तेंदूडांड ग्राम तेंदूडांड पंचायत तेंदूडांड में जारी अनुज्ञप्ति में भी कई प्रकार की अनियमितताएं बरती गई है इन भंडारण के लिए भी जारी अनुज्ञप्ति आदेश को जारी करने के पूर्व एनजीटी के गार्डलाइन एवं अन्य मापदंडों का पालन नहीं किया गया है।

शासन, प्रशासन से मिलीभगत कर खनिज माफियाओं के द्वारा पर्यावरण को असंतुलित कर रहे हैं तथा रेत की निकासी अवैध तरीके से करते हुए गलत तरीके से भंडारण किया जा रहा है साथ ही साथ खनिज भंडारण की जितनी मात्रा की अनुमति प्रदान की गई है उससे कई गुना अधिक भंडारण किया गया है जो कि खनिज भंडारण हेतु दिए गए अनुज्ञप्ति के शर्तों का भी साफ तौर पर उल्लंघन कर रहे हैं। खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति में जो शर्तें दी गई हैं कि सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था किया जाएगा लेकिन मौके पर कोई भी सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था नहीं है इसके साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए अग्निशामक यंत्र भी रखने का नियम है लेकिन उसे भी नजर अंदाज कर कोई भी अग्निशामक यंत्र किसी भी खनिज भंडारण स्थल पर नहीं है जो कि अस्थाई भंडार/प्रसंस्करण/क्रॉसिंग के लिए अनुबंध अभिलेख विलेख का स्पष्ट उल्लंघन है। उपरोक्त दस्तावेजों एवं शिकायत के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय में अधिवक्ता एस0के0 डांगी के माध्यम से डब्ल्यू पी पी आई एल 127/2022 सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस प्रति छत्तीसगढ़ शासन अन्य प्रस्तुत किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री अरूप कुमार गोस्वामी एवं न्यायाधीश संजय अग्रवाल की बेंच में दिनांक 20/10/2022 को सुनवाई हुई जिसमें सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस अध्यक्ष डी0के0 सोनी के द्वारा प्रस्तुत जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

# क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलाते एक आरोपी पकड़ाया

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** क्रिकेट मैच के दौरान प्रतिक्षा बस स्टैंड में अवैध सट्टा खेलाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 हजार रुपए नगद, 1 नग मोबाइल व सट्टा-पट्टी का ब्योरा जब्त किया है।





पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर प्रतिक्षा बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी अभिषेक पांडेय को मुखबिर से जानकारी मिली की बस स्टैंड परिसर में एक व्यक्ति द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी शनि केसारी निवासी नमनाकला अंबिकापुर को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टा-पट्टी खेलाने का ब्योरा के अलावा 6 हजार नगद, एक मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कार्रवाई में विवेक पाण्डेय आरक्षक शाहबाज अंसारी, सीनू फिरदौसी, अतुल सिंह शामिल रहे।

# सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के तीन खिलाड़ियों का चयन प्लेट कम्बैंड टीम



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा वर्ष 14 प्लेट ग्रुप का टीम की घोषणा की गई। जिसमें सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं टीम का कप्तानी भी सरगुजा को मिला है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा 14 वर्षीय बालक अन्तर जिला प्लेट ग्रुप का मैच भिलाई, कांकेर एवं रायपुर में हुआ था। जिसमें सरगुजा की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था। जिसके आधर पर जिले के तीन खिलाडियों का चयन प्लेट कम्बैंड टीम के लिए हुआ है जिसमें ओंकारेश्वर सिह, हर्षित सिन्हा तथा नवीद गुप्ता का चयन किया गया है। अब यह खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ के लिए बनने वाली टीम में जगह बनाएंगे। सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने बधाई दी है और भविष्य में भी अछे खेल का प्रदर्शन जिले के खिलाड़ी से उम्मीद की जा रही है यह जानकारी संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने दी।

# उपभोक्ता आयोग में नियमित सुनवाई नहीं,कई मामले पड़े हैं पेंडिंग

## आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष तथा आरटीआई एक्टिविस्ट और सामजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता डीके सोनी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सरगुजा अम्बिकापुर के दो दिवसीय लिंक कोर्ट में बैकुंठपुर से शामिल होने आये अध्यक्ष को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले में हो रही उपभोक्ताओं की परेशानी से अवगत कराया है। साथ ही रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन सौंपकर 10 दिवस के भीतर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के माध्यम से नियुक्ति करने का निवेदन किया और अगर 10 दिवस के भीतर अम्बिकापुर जिला उपभोक्ता आयोग में पूर्व की भांति नियमित सुनवाई प्रारंभ नहीं होगी तो जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष धरना देने पर विवश होने का कथन भी किया है।

सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष तथा आरटीआई एक्टिविस्ट और सामजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता डी. के. सोनी ने अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन में यह दुःख जाहिर किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के नियमित सुनवाई हेतु गठित प्रमुख जिला उपभोक्ता आयोग बिलासपुर, सरगुजा अम्बिकापुर, राजनंदगांव एवं धमतरी सहित कुल 6 जिलों में लगभग 20 माह से पीड़ित उपभोक्ताओं के शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और कहीं कहीं सुनवाई बुरी तरह प्रभावित भी है, जबकि अध्यक्ष और सदस्यों हेतु जनवरी 2022 में चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जिसमें से सभी चयनित अध्यक्ष और 13 में से 5 जिलों के लिए सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं परन्तु सरगुजा सहित 6 जिलों में नियुक्ति को प्राथमिकता नहीं देने से पीड़ित उपभोक्ताओं की लगातार उपेक्षा हो रही हैं.

जनवरी 2022 में साक्षात्कार के पश्चात् सरगुजा सहित 6 जिलों की नियुक्ति 9 माह से रुकी है जिससे सरगुजा और बलरामपुर जिले के लिए एक मात्र जिला उपभोक्ता आयोग में पीड़ित उपभोक्ताओं के समक्ष गंभीर न्यायिक समस्या खड़ी हो गई है जिसमें समयावधि के तहत मामले की सुनवाई प्रारम्भ होना, क्षेत्राधिकार के कारण पीड़ित उपभोक्ता अन्य न्यायलय में भी मामले की सुनवाई हेतु आवेदन नहीं कर सकते हैं, ऐसे मामले जिनमे



डिक्री धारक जिन्हें विरोधी पक्षकार से क्षतिपूर्ति प्राप्त करनी भी है तो पीड़ित उपभोक्ता निष्पादन की कार्यवाही नहीं होने डेढ़ वर्ष से न्यायलय से क्षतिपूर्ति पाने इंतजार में हैं. अम्बिकापुर जिला उपभोक्ता आयोग में पूर्व से ही सैकड़ों मामलें लंबित हैं और अब नए मामलों का अम्बार सुनवाई के अभाव में बढ़ता जा रहा है जिससे बिचौलिए अनावश्यक लाभ लेकर न्याय व्यवस्था से अलग मामलों का निपटारा करने हेतु अनुचित दबाव पीड़ित उपभोक्ताओं पर बना रहे हैं.

कई माह पूर्व से दो दिन के लिए लिंक कोर्ट अम्बिकपुर में आयोजित होती है परन्तु उसमें भी केवल माननीय अध्यक्ष महोदय के होने से भी कोरम पूरा नहीं हो रहा है जिसके कारण सुनवाई होना तो दूर ग्रहता पर विचार भी नहीं हो रहा है.

आरटीआई एक्टिविस्ट और सामजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता डी. के. सोनी ने ज्ञापन में कहा है कि एक तरफ जहाँ छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवम्बर को अपना 22 वाँ स्थापना दिवस मानाने जा रहा है वहीँ सरगुजा जैसे आदिवासी और वनांचल बाहुल जिले का दुर्भाग्य है कि उपभोक्ताओं के न्याय के लिए 18 वर्ष पहले स्थापित अंबिकापुर जिला उपभोक्ता फोरम जो अपने स्थापना काल से न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत रहा है वह वर्तमान समय में रिक्त पदों पर नियुक्ति में उपेक्षा का शिकार होने के कारण लगभग 20 माह से पीड़ित उपभोक्ताओं के सुनवाई कर पाने में असमर्थ है.जिसे लेकर समय समय पर समाचार पत्रों के द्वारा बार बार इस मुद्दे प्रमुखता से स्थान दिया गया है और शासन को वर्तमान परिस्थियों और पीड़ितों की व्यथा से भी अवगत कराया गया है इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सु मोटो पीआईएल 2/2021 के अंतर्गत सुनवाई कर रही है जिसमें छत्तीसगढ़ में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति में धीमी प्रक्रिया अपनाये जाने को लेकर कोर्ट की तल्ख़ टिपण्णी के बावजूद छत्तीसगढ़ के कई जिला आयोगों में लगभग 20 माह से अध्यक्ष और सदस्य के पद रिक्त है और सरगुजा की भोली भाली जनता न्याय के लिए परेशांन है. वर्तमान परिस्थितियों में पीड़ित उपभोक्ताओं की सुनवाई बंद है, जिसके कारण पीड़ित उपभोक्ताओं सहित विधि व्यवसाय से जुड़े अधिवक्ता और आमजन भी परेशान हैं.आरटीआई एक्टिविस्ट और सामजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता डी. के. सोनी ने प्रधानमंत्री से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के भर्ती की पद्धति और नियुक्ति की प्रक्रिया, नियम, 2020 के नियुक्ति की प्रक्रिया कंडिका 6 में नियुक्ति आदेश जारी किये जाने हेतु समयावधि का प्रावधान किये जाने की मांग भी की है जिससे नियुक्ति की प्रक्रिया कंडिका 6 (4) के अनुसार पद रिक्त होने से कम से कम 6 माह पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने का उपभोक्ता हितों के लिए सकारात्मक उद्येश्य पूरा हो सके और नए कानून उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत सरगुजा जिले सहित छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता के शिकायतों की सुनवाई के लिए बंद जिला उपभोक्ता आयोग में रिक्त अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति शीघ्रातिशीघ्र हो सके तथा पीड़ित उपभोक्ताओं की शिकायतों पर सुनवाई सुचारू रूप से प्रारम्भ हो सके और उन्हें जल्द से जल्द न्याय दिलाई जा सके।

# 2015 से पहले के आधार कार्ड धारकों को पुनः कराना होगा दस्तावेज अपलोड

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** यूनिक आइडेंटिफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिये गए निर्देशानुसार वर्ष 2015 के पहले के सभी आधार कार्ड धारकों के दस्तावेजों को पुनः अपलोड करना होगा। इस हेतु आधार सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव किए जा चुके है ।

दस्तावेज अपलोड़ हेतु जिले में वार्ड, पंचायत स्तर एवं कार्यालय स्तर पर 2015 से पूर्व के बने आधार कार्ड धारकों को पास के आधार सेंटरों में फोटो आईडी एवं पते के प्रमाण के दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। दस्तावेज अपलोड के संबंध में जानकारी देने हेतु गांव में मुनादी कराई जाएगी।

आमजन जिनका आधार कार्ड 2015 से पहले का बना हो उनके मूल दस्तावेजों को पोर्टल एवं आधार सेंटरों के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। आवेदक स्वयं भी नपकंपण्हवअण्पद पोर्टल की मदद से 25 रुपये के शुल्क के साथ इस कार्य को घर से कर सकता है। इस संबंध में निर्धारित शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

# रिटायर्ड वन विभाग के कर्मचारी के सूने मकान में चोरी

## सोने-चांदी के जेवरात सहित 2 लाख रुपए नगदी पार

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** शहर के बौरीपारा स्थित केनाबांध में रिटायर्ड वन विभाग के कर्मचारी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोला है। चोरों ने बड़े ही इतमिनान से घटना को अजाम देते हुए लाखों के सोना-चांदी के जेवरात सहित 2 लाख रुपए नगदी पार कर दिया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस मकान मलिक की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के केनाबांध निवासी विनय गुप्ता रिटायर्ड वन विभाग का कर्मचारी है। ये पूरे परिवार सहित दिवाली व छठ मनाने अपने पैतृक गांव जशपुर गए थे। घर की जिम्मेदारी काम वाली बाई के भरोसे था। काम वाली बाई प्रति दिन शाम को आकर कमरे का लाइट बत्ती जलाने के बाद वापस अपने घर चली जाती थी। गुरुवार की शाम को काम वाली बाइ कमरे का लाइट बत्ती जलाने के बाद वापस अपने घर चली गई थी। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह आकर देखी तो घर खुला हुआ था और सारे सामान बिखरे हुए थे। चोरी की आशंका पर वह तत्काल घटना की जानकारी मकान मालिक को दी। सूचना पर विनय गुप्ता परिवार सहित वापस आकर देखे तो पता चला की चोरों ने अलमारी व दिवान में रखे चार नग सोने का कंगन, 2 नग मांटिका, 2 नग अंगूठी, कान की बाली 6 नग, हार 1 नग सहित अन्य सोने-चांदी का सामान पार कर दिए हैं। वहीं चोरों ने घर में रखे दो लाख रुपए नगद भी ले गए हैं। मकान मालिक के अनुसार कुल चोरी लगभग 5 लाख की ऊपर की बताई जा रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। रिटायर्ड वन विभाग के कर्मचारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# अस्पताल की छत का गिरा प्लास्टर,मची अफरा-तफरी



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुक्रवार की सुबह अचानक छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया। अचानक प्लास्टर गिरने से अफरातफरी मच गई। गनीमत थी कि उस समय वहां कोई भी मौजूद नहीं था। मरीज व परिजन वार्ड में थे और स्टाफ अपने कक्ष में थे।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बिल्डिंग काफी पुरानी है और जर्जर हो चुकी है। कई हिस्सों को पीड्ब्ल्यूडी द्वारा डिस्मेंटल भी घोषित कर दिया गया है। इसके बावजूद भी उसी भवन को जरूरत के अनुसार मरम्मत करा कर उपयोग में लिया जा रहा है। पीड्ब्ल्यूडी द्वारा डिस्मेंटल घोषित करने के बाद भी उक्त हिस्से में हमर लैब का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। इसी बीच शुक्रवार की सुबह मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुरूष सर्जरी वार्ड के पास बरामदे की छत की प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर गया। सुबह का समय होने के कारण वहां पर कोई नहीं था। मरीज व उनके परिजन सभी वार्ड में थे। स्टाफ नर्स भी नहीं थे। हालांकि अचानक प्लास्टर गिरने से अफरातफरी जरूरत मच गई।



# मस्क के ट्विटर खरीदने से भारत की अपेक्षाओं में कोई बदलाव नहीं:राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर 2022।** मशहूर उद्योगपति एलन मस्क के नियंत्रण में ट्विटर के जाने के बाद भी सोशल मीडिया मंचों के लिए नियमों का पालन करने की भारत की अपेक्षाएं पूर्ववत रहेंगी। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने शुक्रवार को यह उम्मीद जताई। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सोशल मीडिया मंच ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं। जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होंने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) नेड सहगल और कानूनी मामलों एवं नीति प्रमुख विजया गड्डे को हटा दिया है।



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्विटर के स्वामित्व में हुए परिवर्तन को लेकर कहा, ''सरकार के लिए यह मायने नहीं रखता कि कंपनी का मालिक कौन है। हमारे कानून और नियम सभी सोशल मीडिया मंचों पर लागू होते हैं, फिर चाहे कंपनी का मालिक कोई भी हो।'' ट्विटर पर बोलने की आजादी देने के मस्क के दावे ने कई लोगों को इस नेतृत्व परिवर्तन से उत्साहित किया है। वे लोग ज्यादा खुश हैं जिन्हें नियमों के उल्लंघन का हवाला देकर ट्विटर से प्रतिबंधित कर दिया गया था। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी मस्क के ट्विटर को खरीदने के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम का सहारा लिया। कंगना को पिछले साल ट्विटर ने गलत आचरण और अपमानजनक व्यवहार के नियमों का हवाला देते हुए मंच से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

भारत सोशल मीडिया कंपनियों के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है और ट्विटर पर भी यह बात बखूबी लागू होती है। हालांकि ट्विटर का सरकार के साथ टकराव रहा है। हाल में नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों की अनुपालन को लेकर भी सरकार और मंच आमने-सामने खड़े हो गए थे। वहीं, मस्क का खुद आयात शुल्क को लेकर सरकार के साथ गतिरोध का रिकॉर्ड रहा है। टेस्ला दरअसल उच्च आयात शुल्क को करना चाहती है। जबकि स्थानीय कंपनियों ने इसका विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि ट्विटर का कई सरकारी विभाग, राजनेताओं और कारोबारियों द्वारा अपने विचारों और सूचनाओं को साझा करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

# वायरलेस लाइसेंसिंग व्यवस्था में सुधार से डिजिटल इंडिया में आएगी तेजी : सीओएआई

**नई दिल्ली ,28 अक्टूबर 2022।** निजी क्षेत्र की मोबाइल दूरसंचार सेवाएं देने वाली कंपनियों के संगठन सेल्यूलर आपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वायरलेस लाइसेंसिंग की प्रक्रिया तथा राष्ट्रीय रेडिया-तरंग आवंटन योजना (एनएफएपी) 2022 में सुधार की घोषणाओं के लिए दूरसंचार विभाग की सराहना की है और कहा कि इससे नेटवर्क विस्तार में तेजी आएगी,अनुपालन का बोझ कम होगा और कारोबार में अधिक आसानी होगी।



सीओएआई ने कहा कि घोषित सुधारों में तो कुछ पहले ही लागू हो चुके हैं। गौरतलब है कि विभाग ने रेडियो तरंग आवंटन पर स्थायी समिति (एसएसीएफए) प्रमाणपत्र निकासी दिशानिर्देशों को सरल किया है। लो पावर बीटीएस/छोटे सेल यानी स्ट्रीट फर्नीचर/इन्फ्रास्ट्रक्चर पर माइक्रो, पिको और फेम्टो सेल)के लिए रेडियो तरंग आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल की गयी है और प्रसंस्करण शुल्क 1000 रुपये घटा कर 100 रुपये कर दिया गया है नए नियमों के तहत देश में दूरसंचार उपकरण लाना आसान हुआ है आयात लाइसेंस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर स्व-घोषणा आधारित मंजूरी को अपनाया गया है। इसी तरह सरल संचार पोर्टल के माध्यम से लाइसेंसिंग की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है जिसके जिसके परिणामस्वरूप प्रसंस्करण समय को औसतन 1 वर्ष की अवधि से घटाकर दो माह कर दिया गया है। विभाग ने दूरसंचार विभाग ने वायरलेस जैमर/बूस्टर के उचित उपयोग पर एक परामर्श भी जारी किया है।

सीओएआई के महानिदेशक डा एसपी कोछड़ ने कहा, % नियम और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से देश में दूरसंचार नेटवर का विस्तार करने का काम तेज करने में मदद मिलेगी। कोछड़ ने एक बयान में उम्मीद जाहिर की है कि सरकार दूरसंचार उद्योग के सामने आ रही अन्य कठिनायियों के समाधान के लिए भी कदम उठाएगी।

# भारत को 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में विदेश व्यापार करेगा मदद:पीयूष गोयल




**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), 28 अक्टूबर 2022।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि विदेश व्यापार भारत को अमृत काल में 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगा। गोयल ने यहां भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के तीसरे परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, हम आज की तुलना मेंअगले 25 वर्षों में कम-से-कम दस गुना बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। हमारा लक्ष्य 15,000 डॉलर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है।

गोयल ने कहा कि आने वाले वर्षों में विदेश व्यापार वास्तव में एक परिभाषित करने वाली विशेषता बन जाएगा। उन्होंने कहा, हम अगले 25 वर्षों के अमृत काल मेंएक विकसित भारत की ओर बढ़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आईआईएफटी के छात्रों से कहा, भारतीय स्वतंत्रता के 100 साल पूरे करने वाला अमृत काल हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। आप इस यात्रा में मुख्य हितधारक हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 30 वर्षों में डॉलर के संदर्भ में 11.8 गुना बढ़ी है। यह आज 3,500 अरब डॉलर की हो गई है।

# बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा,सेंसेक्स 203 अंक और मजबूत

**मुंबई, 28 अक्टूबर 2022।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी बाजार में फिर से सक्रिय होने और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली होने से शुक्रवार को कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद तेजी का रुख कायम रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त लेने में सफल रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 203.01 अंक यानी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 59,959.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 60,133.17 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 49.85 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त लेकर 17,786.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टाइटन और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।



मारुति सुजुकी के वित्तीय नतीजों की घोषणा के बाद कंपनी के शेयरों में करीब पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में चार गुना से अधिक बढ़कर 2,112.5 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''प्रमुख सूचकांकों में बढ़त ने वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू बाजार को लाभ में रहने में मदद की। निराशाजनक तिमाही नतीजों और पूर्वानुमान के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में प्रौद्योगिकी के शेयरों में खासी बिकवाली हुई।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि रुपये में मजबूती के साथ बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के मजबूत वित्तीय नतीजे निकट भविष्य में घरेलू बाजार को समर्थन दे रहे हैं।''

व्यापक बाजार में बीएसई का स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.41 प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को 15 पैसे गिरकर 82.48 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.15 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 2,818.40 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर ख़रीदे।

# नारियल के इस्तेमाल से सेहत को मिलते हैं ये पांच फायदे

नारियल कई ऐसे गुणों से भरपूर होता है जो हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। नारियल का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। आप नारियल की स्वादिष्ट मिठाइयां बना सकते हैं, इसका तेल निकाल सकते हैं, गर्मियों में नारियल का पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रख सकते या फिर घर में खुशबू के लिए इसकी मोमबत्तियां इस्तेमाल कर सकते हैं। आज हम आपको नारियल से स्वास्थ्य को होने वाले पांच फायदे बताएंगे।

### ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक

नारियल फाइबर और स्वस्थ फैट से भरपूर होता है और इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है। इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में फायदेमंद है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण आपके ब्लड शुगर के लेवल को सही रखते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्जिन नारियल तेल के इस्तेमाल से ब्लड शुगर और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार होता है।

### त्वचा के लिए है फायदेमंद

नारियल आपकी त्वचा को मुलायम, हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने का काम करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट आपकी एंजिंग को कम करने और मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारने में मदद करते हैं। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क हटाने और होठों को फटने से बचाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल से कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है।

### वजन घटाने के लिए करें इस्तेमाल



ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा में ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। इससे आपको वजन कम करने के लिए अनगिनत फायदे मिलते हैं। नारियल में मौजूद ट्राइग्लिसराइड्स शरीर की चर्बी को तेजी से खत्म करते हैं और भूख को कम कर देते हैं। यह आपकी पेट की चर्बी को कम करने और वजन घटाने में मददगार साबित होगा, इसलिए आप इसका इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल का तेल बालों को लंबा और घना बनाने में मददगार

नारियल तेल का इस्तेमाल सदियों से बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों को लंबा, घना और चमकदार बनाया जा सकता है। नारियल तेल से सिर में पांच मिनट मसाज करने से न सिर्फ ब्लड सर्कुलेशन में वृद्धि होती है, बल्कि इससे बालों के खो चुके पोषण की भरपाई भी होती है। नियमित नारियल तेल से मसाज करने पर बालों में रूसी की समस्या नहीं होती है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को देता है बढ़ावा

आजकल बीमारियां बढ़ती जा रही हैं और सही खान-पान नहीं होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती जा रही है। इसे बढ़ाने के लिए आप रोजाना खाना पकाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। इससे आपको स्वास्थ्य से जुड़े अन्य फायदे भी मिलेंगे। जो लोग नारियल के तेल में बना खाना खाते हैं, वो कई गंभीर बीमारियों से दूर रहते हैं। अन्य तेल में बने खाने को खाने से बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है।

# कई पोषक गुणों से समृद्ध होता है आइस एप्पल,जानिए इसके सेवन के फायदे

दक्षिण भारत के अत्यधिक लोकप्रिय फलों में से एक आइस एप्पल पौष्टिक फल है जिसे तमिल में टडगोला कहा जाता है। यह एक नारियल जैसा फल है जो अंदर से बर्फ की तरह लगता है। यह रसदार फल फाइटोन्यूट्रिएंट्स, कार्ब्स और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त, यह कम कैलोरी वाला फल हाइड्रेटिंग और कूलिंग गुणों से भी समृद्ध होता है। आइए जानते हैं कि आइस एप्पल के सेवन से क्या-क्या फायदे मिलते हैं।



### त्वचा के लिए है लाभदायक

आइस एप्पल एंटी-इंफ्लेमेटरी और कूलिंग गुणों से भरपूर होता है जो त्वचा के लिए बहुत अच्छे होते हैं। ये गुण त्वचा की सूजन को दूर करने समेत दानों और चकत्ते का इलाज कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स कोलेजन का उत्पादन भी बढ़ाते हैं और हानिकारक मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। खुजली को शांत करने के लिए आप अपनी त्वचा के प्रभावित हिस्से पर आइस एप्पल के गूदे को भी लगा सकते हैं।

### वजन घटाने में है सहायक

अगर आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में आइस एप्पल को जरूर शामिल करें। इस स्वास्थ्यवर्धक फल में उच्च पानी की मात्रा आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे आप अनहेल्दी चीजों के सेवन से खुद को बचा सकते हैं। इस फल में कैलोरी भी कम होती है जो वजन घटाने में मदद करती है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर पाचन प्रक्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

### मधुमेह को करे नियंत्रित

कार्ब्स में कम और विटामिन और खनिजों से भरपूर आइस एप्पल का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है। इसमें मौजूद पोटेशियम की उच्च मात्रा इंसुलिन के बढ़े हुए उत्पादन को नियंत्रित करती है जिससे ब्लड शुगर का स्तर कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन मधुमेह रोगियों ने आइस एप्पल खाएं, उन्होंने अपने ब्लड शुगर के स्तर में कमी का अनुभव किया। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपका संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।

### बालों को बनाता है मजबूत

आइस एप्पल बालों का रूखापन और बेजानपन कम करके इन्हें मुलायम, स्वस्थ और चमकदार बना सकता है। यह एक प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में कार्य करता है और आपके बालों को मजबूत करने में मदद करता है। यह बालों से संबंधित समस्याओं जैसे स्प्लिट एंड्स, सन डैमेज, जल्दी गंजापन और बालों का समय से पहले सफेद होना कम करने में भी मदद करते हैं। इसकी मदद से बालों का झड़ना भी कम होता है।

### हाइड्रेट करने समेत थकान करें दूर

अगर किसी भी कारण आप खुद में डिहाइड्रेशन और कम ऊर्जा महसूस करें तो उस दौरान आइस एप्पल का सेवन जरूर करें। इससे आपके शरीर पर कूलिंग प्रभाव पड़ेगा और प्राकृतिक रूप से डिहाइड्रेशन का इलाज होगा। इन फलों में पोटेशियम और सोडियम की उच्च मात्रा शरीर में द्रव और इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

# पसंद नहीं आती शिमला मिर्च तो इन तरीकों से बनाएं सब्जी,उंगलियां चाटते रह जाएंगे

शिमला मिर्च का इस्तेमाल चाइनीज पकवान का जायका बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन ज्यादातर लोगों को शिमला मिर्च खाना जरा भी पसंद नहीं होता। अक्सर वो इसे प्लेट में अलग रख देते हैं। शिमला मिर्च की सब्जी अगर घर में कोई नहीं खाता तो आप उसे अलग तरीके से बनाकर स्वाद बढ़ा सकती हैं। इससे बच्चों के साथ बड़े भी पसंद करेंगे। तो चलिए शिमला मिर्च का स्वाद बढ़ाने के लिए जानें क्या कर सकते हैं।



### बनाएं पनीर के साथ



पनीर खाना अक्सर बच्चों को और बड़ों दोनों को पसंद होता है। आप शिमला मिर्च की सब्जी को पनीर के साथ मिलाकर बना सकती हैं। रोज की आलू शिमला मिर्च की सब्जी को टेस्टी बनाने के लिए आप आलू की जगह पर पनीर का इस्तेमाल करें। इससे सब्जी का स्वाद बिल्कुल बदल जाएगा। साथ ही इसे टिफिन में देकर भी आप बच्चों को खुश कर सकती हैं।

### दही के साथ बनाएं

शिमला मिर्च की सब्जी को थोड़ा सा अलग ढंग से बनाने से भी उसका स्वाद अच्छा होगा। दही ज्यादातर लोगों को पसंद भी आती है। दही डालकर सब्जी को नया स्वाद दिया जा सकता है। शिमला मिर्च की सब्जी को दही के साथ पकाकर ग्रेवी वाली बनाएं। इसका स्वाद भी बच्चों को पसंद आएगा। ध्यान रहे कि दही बिल्कुल फ्रेश और क्रीमी हो। आप चाहे तो सब्जी को बनाने के बाद दही डालकर इसे नया स्वाद दे सकती हैं।

### कसूरी मेथी के साथ बनाएं शिमला मिर्च

शिमला मिर्च की सब्जी को कसूरी मेथी डालकर बनाएं। आप चाहें को तड़के के लिए कसूरी मेथी का इस्तेमाल करें। इससे शिमला मिर्च का स्वाद बिल्कुल अलग आएगा और हर किसी को पसंद भी। अगर कसूरी मेथी भी नहीं पसंद तो मेथी के दानों से तड़का लगाएं।

रोजाना की आलू शिमला मिर्च की सब्जी को आप अलग तरीकों से बनाकर हर किसी की पसंदीदा बना सकती हैं।

पटवारी हुई सस्पेंड

# दलालों ने नहर की जमीन बेची,पटवारी ने किया नामान्तरण


» शासकीय जमीन हेरफेर मामले में पटवारी पर गिरी निलंबन की गाज।

» एसडीएम बैकुंठपुर ने जारी किया निलंबन आदेश।

» घटती-घटना ने प्रमुखता से किया था खबर का प्रकाशन।

## पटवारी मस्त,जनता त्रस्त,राजस्व विभाग बना परेशानी का सबब


» महिला पटवारी की दबंगई,शासकीय जमीन कर दी निजी व्यक्ति के नाम।
» सिंचाई विभाग का नहर भी अब निजी व्यक्ति के नाम, मामले पर तहसीलदार ने जारी किया नोटिस, दलाल जुटे बचाव में।
पटवारी को नोटिस जारी,जवाब मांगा गया
उच्च न्यायालय से स्थगन पर है पटवारी


कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0)

//आदेश//

बैकुण्ठपुर, दिनांक 27/10/2022

क्रमांक 2937/का0गो0/2022 :- कार्यालयीन पत्र क0 2999/का0गो0/2022 के द्वारा सुश्री वन्दना कुजूर पटवारी हल्का नम्बर-05 खरवत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। ग्राम मण्डलपारा स्थित उक्त भूमि पर नहर होना बताया गया है। इसके अतिरिक्त, तहसीलदार बैकुण्ठपुर के जाँच प्रतिवेदन अनुसार उक्त मण्डलपारा नहर स्थित भूमि का विक्रय वर्ष 2018-19 नामान्तरण पंजी मे बिना सक्षम प्राधिकारी के प्रमाणीकरण कराये नामान्तरण कर दिये जाने का प्रतिवेदन जाँच मे स्पष्ट प्राप्त हुआ है। एवं तहसीलदार बैकुण्ठपुर द्वारा निलंबन कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। जिसकी पुष्टि जाँच प्रतिवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजो से होती है।

उपरोक्तानुसार आपका यह कृत्य पदीय कर्तव्यो के निर्वहन में घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। जो छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। उपरोक्त के संबंध में कार्यालय पत्र क्र0 2999/का0गो0/2022 दिनांक 21/10/2022 के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

अतः उपरोक्त कृत्य के लिये सुश्री वंदना कुजूर पटवारी हल्का नं0 05 रा0 नि0 मण्डल सरडी को छ0ग0 सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन किया जाता है।

निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार इन्हे जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
बैकुण्ठपुर,जिला कोरिया, (छ0ग0)

पृ0क्र0 2938/कानूनगो/2022
बैकुण्ठपुर, दिनांक 27/10/2022

प्रतिलिपि :-
1. आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
3. जिला कोषालय अधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को सूचनार्थ।
4. तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
5. नायब नाजिर/ का0गो0 शाखा तहसील बैकुण्ठपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सुश्री वंदना कुजूर पटवारी हल्का नं0 05 को रा0 नि0 मण्डल सरडी तहसील बैकुण्ठपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
बैकुण्ठपुर,जिला कोरिया, (छ0ग0)

घटती घटना खबर का असर

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
जिले में राजस्व विभाग की कारस्तानी को लेकर जनता काफी परेशान है,जनता को अपने जायज कार्यो के लिए पटवारियो के चक्कर लगाने पड़ते हैं, समय के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी परेशान होना पड़ता है। इसी क्रम में घटती घटना अखबार ने बैकुंठपुर तहसील अंतर्गत एक पटवारी द्वारा शासकीय जमीन को निजी व्यक्ति के नाम पर किये जाने की खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। उक्त खबर प्रकाशन के साथ ही विभाग की किरकिरी भी जमकर हो रही थी, अंततः पटवारी को एसडीएम बैकुंठपुर द्वारा तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निलंबित कर दिया गया है। पटवारी पर हुई कार्यवाही के बाद राजस्व विभाग समेत जमीन दलालों में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि घटती-घटना अखबार ने ''पटवारी मस्त,जनता त्रस्त.राजस्व विभाग बना परेशानी का सबब'' शीर्षक के साथ खबर का प्रकाशन किया था, जिसमें यह बताया गया था कि बैकुंठपुर तहसील में पदस्थ पटवारी वंदना कुजुर द्वारा अपने पूर्व हल्के में एक शासकीय व सिचाई विभाग के नहर की जमीन को निजी व्यक्ति के नाम पर कर दिया गया था। मामला सामने आने के बाद विभाग द्वारा इसकी विस्तृत जांच कराई गई और उक्त पटवारी को नोटिस जारी किया गया था। पटवारी द्वारा अपने बचाव में जवाब तो प्रस्तुत किया गया था लेकिन जवाब संतोषप्रद न होने के कारण अंततः अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने पटवारी का निलंबन आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वंदना कुजुर पटवारी हल्का क्रमांक 5 खरवत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, ग्राम मंडलपारा स्थित उक्त भूमि पर नहर होना बताया गया है। इसके अतिरिक्त तहसीलदार बैकुंठपुर के जांच प्रतिवेदन अनुसार उक्त मंडलपारा नहर स्थित भूमि का विक्रय वर्ष 2018-19 नामांतरण पंजी में बिना सक्षम प्राधिकारी के प्रमाणीकरण कराये नामांतरण कर दिये जाने का प्रतिवेदन जांच में स्पष्ट प्राप्त हुआ है। एवं तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा निलंबन कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। जिसकी पुष्टि जाँच प्रतिवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजो से होती है। पत्र में कहा गया है कि आपका यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। जो छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के कारण वंदना कुजुर पटवारी को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

### पटवारी को बचाने सक्रिय हुए दलाल

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में खरवत हल्का में पदस्थ पटवारी वंदना कुजुर विभाग समेत जमीन दलालो के बीच अच्छी पैठ रखती है। यही कारण है कि खरवत हल्के में पदस्थापना के पीछे भी दलालों व कुछ राजस्व अधिकारियों का अहम योगदान था,उक्त मामले में भी पटवारी को बचाने के लिए दलालो ने काफी जोर लगाया था, लेकिन जांच प्रतिवेदन में दोषी पाये जाने के बाद आखिरकार पटवारी को निलंबित कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि जानबूझकर इतना बड़ा कदम जिस प्रकार पटवारी द्वारा उठाया गया था उसके लिए मात्र निलंबन ही एकमात्र दण्ड है। आखिरकार 3-4 महीने बाद पटवारी को पुनः बहाल कर ही दिया जाएगा। और लीपापोती करते हुए उसके सारे दोष भी मुक्त कर दिए जांएगे। जिससे कि ऐसा कृत्य करने वाले अन्य कर्मियो के हौसले बुलंद होंगे। बताया जाता है कि पटवारी के निलंबन के बाद क्षेत्र में सक्रिय जमीन दलालों ने पटवारी के पक्ष में मामला सेट करने के लिए काफी जोर लगाया है, कई दलाल कुछ कलमकारो को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के इर्द गिर्द भी भटकते नजर आए। लेकिन अधिकारियो से मामला सेट नही हो पाया जिससे कि उनके मंसुबो पर पानी फिर गया। बहरहाल अब देखना है कि इस मामले में प्रषासनिक स्तर पर आगे क्या कार्यवाही होती है।

वही इस संबंध में इनका कहना है कि मेरे पर जो आरोप है वह सरासर गलत है वह जमीन मेरे पदस्थापना के पहले से ही किसी और के नाम पर थी, मेरे साथ विभाग के लोग षड्यंत्र कर रहे हैं मैंने उच्च अधिकारियों के पत्र का जवाब दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है मुझे उस तहसील से हटाने के लिए यह षड्यंत्र रचा जा रहा है मैं कलेक्टर साहब के समक्ष अपनी सारी बातें रखूंगी और वास्तविक स्थिति से उन्हें अवगत कर आऊंगी।

**वंदना कुजुर**
पटवारी

---

राजस्व मंत्री ने एन.टी.पी.सी. प्रबंधन को सिल्वर जुबली पार्क में

## नौका विहार की सुविधा बहाल करने हेतु लिखा पत्र

-संवाददाता-
**कोरबा, 28 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)।**
प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एन.टी.पी.सी. परिसर स्थित सिल्वर जुबली पार्क में नौका विहार सुविधा बहाल करने के लिए ई.डी. जेना को लिखा पत्र । एन.टी.पी.सी. प्रबंधन को लिखे पत्र में मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सी.एस.आर. मद से संचालित हो रहे सिल्वर जुबली पार्क की तारीफ करते हुए कहा कि यह पार्क न केवल कोरबा अंचल बल्कि अन्य क्षेत्रों से आए हुए दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं ढ्ढ उनमें से नौका विहार की सुविधा सभी को मुख्य रूप से आकर्षित करती है। जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है कि मार्च 2020 से विश्वव्यापी कोरोना महामारी और उससे बचाव व प्रसार को रोकने




की कड़ी के तौर पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में सभी सर्वाजनिक स्थलों का संचालन बंद करा दिया गया था, उसमें सिल्वर जुबली पार्क भी शामिल था। अब जबकि फरवरी, 2022 से सभी जगह पूरी स्थिति सामान्य गति से बहाल हो चुकी है और सभी सार्वजनिक स्थल जैसे कि पार्क, सिनेमा हॉल, मॉल आदि कोविड पूर्व की स्थिति पर संचालन में आ चुके हैं तो सिल्वर जुबली पार्क भी सभी दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूर्व की ही भांति संचालित किया जाना चाहिए जिसमें नौका विहार की सुविधा का पुनः संचालन किया जाना भी शामिल है। ई.डी. जेना को संबोधित पत्र में श्री अग्रवाल ने इस बात पर विशेष बल दिया है कि नौका विहार की सुविधा, सिल्वर जुबली पार्क में मुख्य आकर्षण का केन्द्र है और एन.टी.पी.सी. प्रबंधन इस सुविधा की बहाली के लिए शीघ्र ही ठोस कार्यवाही करे।

---

## राष्ट्रीय एकता दौड़ 31 को

**नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त**

-संवाददाता-
**सूरजपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाना है। जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर (विकासखण्ड मुख्यालय में 01 एकता दौड़ सहित प्रत्येक विकासखण्ड में 20 बड़े ग्राम पंचायत में) एवं सभी नगरीय निकायों में एकता दौड़ का आयोजन करना है। एकता दौड़ में राजीव युवा मितान क्लब, जन प्रतिनिधियों, नहेरू युवा केन्द्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविद्यालयों, स्कूली छात्र-छात्रों एवं अन्य सभी वर्ग को शामिल किया जाए। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निम्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, खेल अधिकारी जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सूरजपुर, रामानुजनगर, भैयाथान, प्रतापपुर, ओड़गी,




प्रेमनगर विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर, रामानुजनगर, भैयाथान, प्रतापपुर, ओड़गी, प्रेमनगर विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी, सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरजपुर, प्रतापपुर, प्रेमनगर, बिश्रामपुर, जरही, भटगांव नगर पालिका, नगर पंचायत हेतु नोडल अधिकारी नियुक्ति किये गए है।

---

## रास्ता दिलाईये साहब... ताकि हमारे वाहन घर तक पहुंच सके

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
प्रशासन एक तरफ जहां गांव के विकास के नाम पर पीठ थपथपा रही है, वहीं दूसरी तरफ जिले के ग्राम पटना में परसापारा एक ऐसा मोहल्ला है जहां अब तक लोग सड़क से वंचित हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को पूर्व वार्ड पंच एजाज खान पप्पू के नेतृत्व में इसकी शिकायत लेकर अधिक संख्या में मोहल्लेवासियों ने कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया तथा श्री लंगेह से समस्या के निराकरण की मांग की गई।



विदित हो कि पटना परसापारा मोहल्लेवासी पिछले कई दशकों से जिस रास्ते से आवागमन करते आ रहे हैं उस रास्ते पर हिमायतुल्ला खान नामक एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर लोहे का पोल गाड़ कर विगत कई वर्षों से संचालित रास्ते पर अवरोध उत्पन्न किया जा रहा, जिससे मोहल्ले वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि यदि किसी का स्वास्थ्य बिगड़ जाए तो घर तक एंबुलेंस नहीं पहुँच सकती। बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्यूंकि घर तक स्कूल वैन नहीं पहुँच सकता। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी बड़ी वाहन मोहल्ले तक नहीं पहुँच सकता। जहां एक तरफ जगह- जगह विकास की गंगा बह रही है वहीं दूसरी तरफ पटना परसापारा मोहल्लेवासी विकास से कोसों दूर हैं। शासन प्रसाशन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। बता दें कि ग्राम पटना अंतर्गत परसापारा मोहल्ले वासियों को निवास से सड़क मार्ग की दिक्कत लगातार खड़ी होती आई है,वर्षो पहले वह जिस मार्ग से आवागमन किया करते थे उस मार्ग के जमीन को एक व्यक्ति द्वारा खरीद लिया गया और वह मार्ग बंद हो गया वहीं अब वर्षो पुराने ही अन्य मार्ग पर एक व्यक्ति आवागमन बाधित कर रहा है। कुल मिलाकर शासन प्रशासन एवम राजस्व विभाग को पूरे मामले में सज्ञान लेने की जरूरत है जिससे निस्तार हेतु मार्ग मोहल्ले वासियों को मिल सके। इस दौरान एजाज खान, इस्त्याक खान, इस्माइल खान, बिगन यादव, नसीम खान, प्रकाश पांडेय, इंतियाज़ खान, विनोद यादव, ज़ाकिर खान, असलम खान, तबस्सुम निशा, तथा काफी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

---


## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सूरजपुर (छ0ग0)

प्रारूप -II

(नियम 5(1)देखें)

प्रारंभिक अधिसूचना

क्रं0 01/अ-82/2016-17 दिनांक 28/09/2022

समुचित सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजना के लिए ग्राम पासल,तहसील भैयाथान, जिला सूरजपुर में कुल 1.010 हें. भूमि अपेक्षित है, आवेदक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र सूरजपुर, सामाजिक समाघात मुल्यांकन अध्ययन - यूनिट द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा विविरचित कलेक्टर द्वारा गठित एक दल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी/प्रारम्भिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट/प्रारम्भिक जांच का सार इस प्रकार है (सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है) :-औधोगिक प्रयोजन हेतु भूमि अर्जन के कारण किसी भी परिवार कुटुम्बों के विस्थापित होने कि संभावना नहीं है, विस्थापन निरंक है। अनुविभागीय अधिकारी (रा0) को प्रभावित कुटुम्बों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजन हेतु प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाता है। अतः जिला सूरजपुर, तहसील भैयाथान के ग्राम पासल में औधोगिक प्रयोजन हेतु 1.010 हे. माप के भूखंड जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता है:

| क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र हे.में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमांए | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 249 | शासकीय पट्टा | ड़ाड | 0.205 | जिरमन वेवा रतन, रघु, पीताम्बर आ. रतन, शान्ति पुत्री रतन, संतोषी पुत्री रतन निवासी ग्राम पासल, भैयाथान | खसरा क्र.250 | खसरा क्र.248 | खसरा क्र.253/1 | कच्ची सड़क |
| 2 | 252 | भूमि स्वामी | ड़ाड | 0.015 | यउधा आ. समेलाल भुनेश्वरी पुत्री समेलाल निवासी पंडोपारा चन्द्रपुर सूरजपुर | खसरा क्र.253/2 | खसरा क्र.253/1 | खसरा क्र. 253/3 | खसरा क्र.253/1 |
| 3 | 253/1 | भूमि स्वामी | ड़ाड | 0.340 | रघुनाथ आ. हिरासाय पंडोपारा निवासी ग्राम पासल, भैयाथान | खसरा क्र.253/2 | खसरा क्र.255/3 | खसरा क्र252,253/3 | खसरा क्र.248,249 |
| 4 | 255/2 | भूमि स्वामी | ड़ाड | 0.450 | नन्दलाल आ. बुधराम निवासी ग्राम पासल, भैयाथान | खसरा क्र. 255/1,253/1 | खसरा क्र.256/2 | खसरा क्र.260 नदी | खसरा क्र.255/3 |
| | | | | 1.010 | | | | | |

| वृक्ष | |
|---|---|
| किस्त | संख्या |
| महुआ | 02 |
| आम | 01 |
| साल | 01 |
| पीपल | 01 |
| परसा | 01 |

| संरचनाएं | |
|---|---|
| प्रकार | प्लिंथ एरिया |
| निरंक | निरंक |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013का 30) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई हैं। भूमि से संबंधित रेखांकन कलेक्टर के कार्यालय में और अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान को किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है। सरकार,उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एव विनिर्दिष्ट अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधिन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी एसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात् क्रय/विक्रय, आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छूक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो फाईल किया जा सकेंगे संलग्रक : यथोक्त ।

स्थान :
दिनांक :

सागर सिंह अनुविभागीय अधिकारी (रा0) एवं भू-अर्जन अधिकारी भैयाथान, जिला सूरजपुर

(सुश्री इफ्फत आरा) कलेक्टर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)


---

## भोपाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में कोरिया के चरचा निवासी युवा हुआ सम्मानित

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
आचार्य शंकर एकता न्यास सांस्कृतिक विभाग मप्र शासन द्वारा आयोजित अद्वैत जागरण शिविर में मुख्यमंत्री स्वामी परमात्मानंद सरस्वती आर्ष विद्या मंदिर राजकोट, स्वामी समानंद गिरि सप्त मातृका आश्रम महेश्वर, ब्रह्मचारिणी मैत्रेयी चैतन्य चिन्मय मिशन पुणे व मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला मप्र पर्यटन व संस्कृति विभाग की उपस्थिति में देश से चयनित 58 युवाओं का दीक्षांत समारोह भारत भवन भोपाल में हुआ। जिसमें बी टाइप चरचा के निवासी बरुण कुमार मिश्रा (22) पिता आनंद कुमार मिश्रा का चयन हुआ।



बरुण ने वेदांत का सात दिनी बेसिक कोर्स गुजरात व 10 दिनी एडवांस कोर्स केरल में पूर्ण किया। भारत भवन भोपाल में मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र व मप्र पर्यटन व संस्कृति विभाग के मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रघुनंदन शर्मा, हितानंद शर्मा, पद्मश्री कपिल तिवारी, पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी रावत, एसपीएस परिहार, अन्य मौजूद थे। दीक्षांत समारोह में सभी 58 युवाओं को अतिथियों की ओर से रूद्राक्ष की मालाएं, आचार्य शंकर का चित्र, भागवत गीता व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। युवाओं ने सभी गुरुजन का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं व उपस्थित लोगों को देश की उन्नति में योगदान देने व एकात्म के भाव को आत्मसात करने का संकल्प भी दिलाया। बता दे बरुण अकसर प्रदेश का राष्ट्रिय स्तरीय स्पर्धाओं में भी

---


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग, खण्ड - बलरामपुर (छ0ग0)

E-mall : eebalram-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं./74/ ले.शा. / ज.जा.मि. / का. अ. /लो.स्वा.यां. वि. / 2022 बलरामपुर, दिनांक 26.10.2022

ऑन लाईन निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म अ में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 113041 | 198.56 | 113052 | 347.21 | 113063 | 124.67 |
| 113042 | 258.22 | 113053 | 153.15 | 113064 | 76.28 |
| 113043 | 128.26 | 113054 | 186.78 | 113065 | 155.52 |
| 113044 | 187.99 | 113055 | 76.77 | 113066 | 98.70 |
| 113045 | 156.87 | 113056 | 156.29 | 113067 | 36.96 |
| 113046 | 74.22 | 113057 | 126.74 | 113068 | 82.48 |
| 113047 | 141.20 | 113058 | 264.45 | 113069 | 253.11 |
| 113048 | 89.84 | 113059 | 248.42 | 113070 | 192.30 |
| 113049 | 84.29 | 113060 | 156.54 | 113071 | 86.74 |
| 113050 | 72.42 | 113061 | 134.84 | 113072 | 75.02 |
| 113051 | 189.26 | 113062 | 108.33 | | |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण एथा धरोहर राशि, बिड वैधता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्य तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in. पर दिनांक 09.11.2022 से देखी जा सकती है। तथा निविदा दिनांक 23.11.2022 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-बलरामपुर(छ0ग0)

जी. नंबर-95345/3


---

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली

-संवाददाता-
**सूरजपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गनपत कुमार नायक की उपस्थिति में समस्त विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकार, सेक्टर प्रभारी, बी.ई.ई.ओ., खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, खण्ड डाटा प्रबंधक, बी.सी., मितानिनों का एक दिवसीय समीक्षा बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभाकक्ष में आहूत की गई। समीक्षा बैठक में समस्त राष्टीय कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा ली गई, जिन विकासखण्डों की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि कम पाई गई है, उन्हें सुधारने एवं लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में कमी को भी ध्यान में रखकर प्रत्येक विकासखण्डों के अधिकारियों को पूर्ण करने हिदायत दी गई है, एवं प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया। प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यकतानुसार औषधियों का भण्डारण के साथ-साथ संस्थागत प्रसव पर विशेष रूप से ध्यान देने हेतु निर्देशित किया।

# राज्योत्सव में विनय व गुलाब को मुख्य अतिथि बनने का मौका

**» श्रीमती सिंहदेव हुई उपेक्षित**

**» राज्योत्सव में सविप्रा उपाध्यक्ष व विधायक गुलाब होंगे कोरिया के मुख्य अतिथि।**


**» संसदीय सचिव व बैकुंठपुर विधायक को राज्योत्सव में मुख्य अतिथि बनने का नहीं मिला मौका।**

**» अपने ही जिले के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नहीं बनाये जाने को लेकर लगाए जा रहें हैं कयास।**

**» आखिर क्यों नहीं मिला संसदीय सचिव बैकुंठपुर विधायक को मुख्य अतिथि बनने का मौका?**

**» 1 नवम्बर को राज्य के प्रत्येक जिले में मनाया जाएगा राज्योत्सव,कलेक्टर कोरिया ने जारी किया दिशा-निर्देश।**








-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

एक नवम्बर 2022 को प्रदेश के समस्त जिलों के जिला मुख्यालयों में राज्योत्सव मनाया जाएगा और शासन ने इसके लिए प्रदेश के समस्त जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी कर दिए हैं और सभी जिलों में इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। एक नवम्बर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस है और इसी दिवस राज्य अस्तित्व में आया था।

कोरिया जिले के लिए यह राज्योत्सव जहां कम उत्साह वाला होने वाला है वहीं यदि नवीन जिले एमसीबी की बात की जाए तो वहां राज्योत्सव का उत्साह ज्यादा देखने को मिलेगा क्योंकि उनकी वर्षों एवम कई दशकों पुरानी मांग जिला बनाओ पूरी हो चुकी है और जिला अस्तित्व में आ चुका है। राज्योत्सव कोरिया जिले में आकर्षक तरीके से मनाया जाए इसके लिए समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कोरिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं और अब इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। कोरिया जिले में राज्योत्सव के कार्यक्रम में सविप्रा उपाध्यक्ष भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों मुख्य अतिथि होंगे वहीं संसदीय सचिव बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव को अपने ही जिले के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया है और जिसको लेकर कयास भी लगाए जा रहें हैं कि आखिर क्यों उन्हें अपने ही जिले के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया है।

### नवीन जिले में पहली बार मनेगा राज्योत्सव

प्रदेश में गठित नवीन जिलों में पहली बार राज्योत्सव मनाया जाएगा,इसी क्रम में एमसीबी जिले में भी राज्योत्सव की तैयारी की जा रही है। कोरिया जिले से अलग होकर बने नवीन एमसीबी जिले में राजोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारियां भी शुरू हो चुकीं हैं,एमसीबी जिले में राज्योत्सव को लेकर काफी उत्साह भी देखा जा रहा है।

### नवीन जिले के पहले राज्योत्सव उत्सव के मुख्य अतिथि होंगे डॉ विनय जयसवाल

नवीन एमसीबी जिले के राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल होंगे। नवीन जिले में पहली बार आयोजित होने जा रहे राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर विनय जायसवाल को बनाये जाने से उनके समर्थक भी काफी उत्साह में हैं और तैयारियों को लेकर सभी अपनी सहभागिता भी निभा रहें हैं।

### विनय व गुलाब ने जिले का विभाजन भी कराया व मुख्य अतिथि बनने का मौका भी छीना

कोरिया जिले का विभाजन कैसे हुआ और कौन इसके लिए सबसे ज्यादा प्रयासरत रहे यह सभी जानते हैं,सबसे ज्यादा प्रयास भरतपुर सोनहत विधायक ने जहां किया वहीं मनेंद्रगढ़ विधायक की भी भूमिका इसमे शामिल रही,बैकुंठपुर विधायक की राजनीतिक भूल भी इसका कारण रही इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता, वैसे राज्योत्सव 2022 की बात की जाए तो जिले का विभाजन जिनके कारण हुआ उन्हें ही अलग अलग दोनों जिले का मुख्य अतिथि बनाया गया वहीं बैकुंठपुर विधायक को प्रदेश भर में कहीं भी अवसर नहीं दिया गया जो सोचने वाली बात है।

### कोरिया की स्थानीय बैकुंठपुर विधायक को कहीं का भी मुख्य अतिथि बनने का नहीं मिला मौका

कोरिया जिला जो विभाजित होकर वैसे भी अपने अस्तित्व को ही खो चुका है उस जिले की एकमात्र विधायक बैकुंठपुर विधायक को किसी भी जिले में मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया है। क्या कारण है कि उन्हें कोरिया जिले में भी मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया यह भी एक सवाल है और जिले में भी भरतपुर सोनहत विधायक मुख्य अतिथि होंगे।

# अविश्वास प्रस्ताव लगाए जाने के बावजूद होता रहा फर्जी भुगतान:विवेक चतुर्वेदी

**» विवेक चतुर्वेदी ने मांगा किया है की जिला स्तरीय 5 अनुभवी सदस्यीय टीम गठित कर जांच करायी जाये।**


**» जांच नहीं कराए जाने पर पार्षदगण नगर पंचायत कार्यालय में धरना, क्रमिक भूख हडताल व आमरण अनशन जैसे आन्दोलन करेंगे।**

**»अधिकारियों का बदलना सिर्फ औपचारिकता,जो अधिकारी आता है वह भी पुराने के रास्ते चलने लगता है?**

**» क्या खोंगापानी में जो भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी आएगा व अपना ही मनमर्जी चलाएगा?**

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 28 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

इस समय यह कहना गलत नहीं होगा कि जिसे भी मौका मिल रहा है वह कमाई का चौका मार रहा है और यह सिर्फ दायित्व मिलते ही शुरू हो जाता है, अविभाजित कोरिया में जिसे भी जिम्मेदार पद पर बैठाया गया वह ऐसे जिम्मेदारी निभाता है कि फिर मानो की लोग चाहते हैं कि वह तुरंत यहां से चला जाए और उसकी शिकायत भी होना शुरू हो जाती है, कुछ ऐसा ही हाल नवीन जिला मनेन्द्रगढ चिरिमिरी भरतपुर के नगर पंचायत खोंगापानी का है जहां नगर पालिका अधिकारी बदलते तो है पर बदलने के बाद भी स्थितियां बदलती नहीं ऐसा लगता है कि पुराने वाले अधिकारी ने आने वाले अधिकारी को पूरा सिखा कर जाते हैं कि जैसे मैं चल रहा था वैसे ही तुम भी चलो खूब फायदा होगा, यही वजह है की अने वाला अधिकारी भी उसी के रस्ते चलना लगते है, कुछ ऐसा ही इस समय खोंगापानी के वर्तमान नगर पालिका मुख्य अधिकारी का भी देखा जा सकता है जिसकी शिकायत एक बार फिर हुई है और गंभीर आरोप लगाए गए पर शिकायत व गंभीर आरोप तो लगते रहते हैं कार्यवाही का तो पता नहीं। इसे पहले के अधिकारियों ने भी खूब नाम कमाया है जो किसी से छुपा नहीं है। विवेक चतुर्वेदी ने कलेक्टर मनेन्द्रगढ चिरिमिरी भरतपुर को शिकायत कर नगर पंचायत खोंगापानी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का पर गभीर आरोप लगाए है उनका आरोप है की नगर पंचायत अध्यक्ष के विरूद्व अविष्वास प्रस्ताव लगाये जाने के उपरान्त आज दिनांक तक फर्जी भुगतानों किया गया है जो नियम विरुद्ध है, श्री चतुर्वेदी का आरोप है की नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष के विरूद्व अविष्वास प्रस्ताव लगाये जाने के उपरान्त दिनांक 27.05.2022 से आज दिनांक तक लगातार फर्जी भुगतान किया जा रहा है जो कि उच्च स्तरीय जांच का विषय है जबकि अध्यक्ष के खिलाफ लगाये गये अविष्वास प्रस्ताव का प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण के निराकरण होने तक कार्यालय नगर पंचायत खोंगापानी द्वारा आगामी भुगतानों पर रोक एवं किये गये भुगतानों की जांच होनी चाहिए, अति आवश्याक भुगतान हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं आदेश उपरान्त भुगतान की कार्यवाही सुनिष्चित करायी जावें। पार्षद विवेक चतुर्वेदी ने शिकायत के साथ मांगा किया है की जिला स्तरीय 05 अनुभवी सदस्यीय टीम गठित कर जांच करायी जाये यदि जांच नहीं करायी जाती है तो हम पार्षदगण नगर पंचायत कार्यालय परिसर में धरना, क्रमिक भूख हडताल, आमरण अनशन जैसे आन्दोलन करने हेतु विवष हो जायेगें।








इन विंदुबार विषय पर हो जाँच- पार्षद विवेक चतुर्वेदी ने कहा की जांच हेतु विंदुबार विषय मेरे द्वारा दिया गया जिस पर जाँच अति आवश्यक है जिसमे अस्मिता इंटरप्राईजेज को माह अक्टुबर 2022 में किये गये कार्य का नाम, भुगतान राशि मद का नाम के संबंध में। साई फलैक्स मनेन्द्रगढ को माह सितम्बर 2022 एवं अक्टुबर 2022 में किये गये कार्य का नाम, भुगतान राशि एवं भुगतान राशि मद का नाम के संबंध में। कोरोना से बचाव हेतु शासन से प्राप्त राशि 10 लाख के भुगतान कार्य का नाम, भुगतान राशि के संबंध में। अध्यक्ष निधि से कराये गये कार्यो एवं भुगतानों की जांच के सम्बंध में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23, नगर पंचायत खोंगापानी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित जानकी वाटिका में कराये गये आरसीसी, पोल लाईटिंग एवं जिम सामग्री के भुगतान के जांच के संबंध में। मरम्मत संधारण मद द्वारा कराये गये कार्यो एवं भुगतानों की जांच के संबंध में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23, परिषद एवं पीआईसी बैठकों के संबंध में कार्यवाही रजिस्टर, एजेण्डा सहित भुगतानों की जांच के संबंध में (बिना परिषद एवं पीआईसी के अनुमोदन), माह सितम्बर 2022 में अली ब्रदर्स मनेन्द्रगढ को किये गये भुगतान की जांच, छत्तीसगढ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत कुल गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में किये गये समस्त भुगतानों की जांच, पार्षदों को वर्तमान अध्यक्षीय कार्यकाल (दिनांक 08.01.2020 से आज दिनांक तक) में किये गये भुगतानों की जानकारी सूचीमय निम्न प्रारूप में प्रदान करने व चेक लेजर भुगतान पंजी क्र फर्म का नाम किस कार्य किस मद से कितना भुगतान राशि किस चेक क्रमांक से किस दिनांक कों हुआ सभी की जाँच होनी चाहिए, नगर पंचायत खोंगापानी कार्यालय के ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 966/न0पं0/2022-23 दिनांक 05.08.2022 के सिस्टम टेण्डर नम्बर 106368 कार्य का नाम एल-01 ठेकेदार को कार्यादेश जारी ना करने के संबंध में, जबकि उक्त निविदा का दर पूर्व निविदा की दर से आधा है। ऐसे में निकाय को भारी खर्च से बचाया जा सकता है, पार्षदों के द्वारा उपरोक्त विषयों की जानकारी सूचना के अधिकार 2005 के तहत मांग करने पर भी उपलब्ध नही करायी जाती कई आवेदन द्वितीय अपीलीय अधिकारी के समक्ष सुनवाई हेतु लंबित है।

# चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की हुई शुरुआत



-संवाददाता-
**रामानुजगंज 28 अक्टूबर 2022(घटती घटना)।**

कन्हर नदी के तीर पर लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का शुरुआत आज से हो चुका है। निर्जला अनुष्ठान के पहले दिन व्रती घर,नदी,तालाबों आदि में स्नान कर अरवा चावल,चने की दाल और कद्दू लौकी की सब्जी का प्रसाद ग्रहण कि। भगवान सूर्य व छठी माता को समर्पित छठ पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व चार दिन तक चलता है। 28 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्य,सफलता व दीर्घायु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस व्रत को महिलाओं के साथ पुरुष भी रखते हैं। नहाए खाए के एक दिन पूर्व महिलाएं घर की साफ-सफाई कर दूसरे दिन घर में चने की दाल,लौकी की सब्जी और भात प्रसाद के रूप में बना कर ग्रहण करती हैं। खरना के दिन महिलाएं गुड़ की खीर का प्रसाद बनाकर सूर्यास्त के बाद ग्रहण करती है तत्पश्चात बचे हुए खीर को अपनों सहित आस पड़ोस में प्रसाद के रूप में वितरण भी किया जाता है जिसे ग्रहण करने के लिए लोग लालायित रहते हैं। और यहीं से अगले 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो जाता है। उसके अगले दिन व्रती महिलाएं एवं पुरुष सूर्यास्त के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य देती है। अंतिम एवं चौथे दिन व्रती महिलाएं एवं पुरुष बहते हुए जल में खड़े होकर उगते हुए भगवान सूर्य देव का इंतजार करते हुए मन ही मन मन्त्र जाप करते हैं। उसके बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हवन आदि उपरांत छठ पूजा का समापन करते हुए व्रत पारण कर घाट पर उपस्थित जनों के बीच प्रसाद का वितरण करते हुए राम मंदिर महामाया मंदिर के दर्शन उपरांत अपनी घरों के लिए प्रस्थान कर जाती है।

# मेगा परियोजनाओं में सीएमडी के प्रवास के दौरान डीजल चोरों और जवानों में हुई मुठभेड़

-संवाददाता-
**कोरबा, 28 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)।**

एसईसीएल बिलासपुर के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे थे और दूसरी ओर कुसमुंडा खदान में बोलेरो कैम्पर वाहन लेकर डीजल चोर घुसे थे। कुसमुंडा खदान में बढ़ती चोरी को रोकने के लिए त्रिपुरा राइफल्स के जवानों की तैनाती की गई है। वहीँ दोपहर सीएमडी के प्रवास के दौरान कुसमुण्डा खदान के साइलो के पास जवानों और डीजल चोरों की मुठभेड़ हो गई। डीजल चोरों ने त्रिपुरा के जवानों पर पथराव किया। पथराव करते हुए डीजल चोर अपना वाहन छोड़कर भाग निकले, इधर जवानों ने अपना गुस्सा डीजल चोरों के वाहन पर उतारा और जमकर तोड़फोड़ करते हुए चक्का निकाल दिया। इन डीजल चोरों का मास्टर माइंड राजा खान बताया जा रहा है। राजा खान के संरक्षण में डीजल चोरों के द्वारा खदान में चल रहे भारी वाहनों से लगभग हर दिन लाखों रुपए के डीजल की चोरी की जा रही है। वैसे तो कुसमुण्डा पुलिस डीजल चोरों पर कार्यवाही करती है, लेकिन इनके सरगना तक पुलिस के हाथ अब तक नहीं पहुंच सके हैं।



# कुसमुंडा मेगा परियोजना के निरीक्षण पर सीएमडी ने उत्पादन डिस्पैच बढाने पर दिया जोर

-संवाददाता-
**कोरबा, 28 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)।**

कुसमुंडा मेगा परियोजना के दौरे पर सीएमडी एसईसीएल, तीनों मेगा परियोजनाओं के जीएम उपस्थित रहे , उत्पादन व डिस्पैच बढ़ाने की रणनीति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए द्व सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा कुसमुंडा माईन में उतरे। उनके साथ निदेशक तकनीकी संचालन श्री एस के पाल मौजूद थे, साथ में एसईसीएल के तीनों मेगा परियोजनाओं के अनुभवी महाप्रबंधको की टीम भी उपस्थित थी। टीम सबसे पहले कंट्रैक्शूअल पैच पहुँची तथा एक एक कर गोदावरी, नारायणी व नीलकंठ पैच का निरीक्षण किया। तदोपरांत, डिपार्टमेंटल पैच वेस्टर्न, कैट एवं बरकुटा के कार्य-संचालन का अवलोकन किया । खदान में हीं, उत्पादन एवं डिस्पैच को बढ़ाए जाने की रणनीति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उसमें बढ़ोतरी हेतु सीएमडी ने आवश्यक निर्देश जारी किए ।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार सोनी आ0 हरिदयाल सोनी, जाति सोनार निवासी ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम पुटा, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 530/1 रकबा 0.364 हे0 भूमि को औधोगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायलय में स्वयं अथवा अपने अधिवता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूराम अग्रवाल आ0 बीरभान अग्रवाल, जाति अग्रवाल निवासी उदयपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम उदयपुर, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 5/15 रकबा 0.033 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायलय में स्वयं अथवा अपने अधिवता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)उदयपुर जिला-सरगुजा**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमन कुमार अग्रवाल आ0 रामबिलास अग्रवाल, जाति अग्रवाल निवासी ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम उदयपुर, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 91/1,91/2 रकबा क्रमशः 0.019, 0.020 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायलय में स्वयं अथवा अपने अधिवता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202210020700171**

**विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**पोडीखुर्द प.ह.न. 00032 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-दुर्जन आ0स्व0 बिगू ,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक दुर्जन आ0 स्व0 बिगू व अन्य, निवासी ग्राम पोडीखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 वर्तमान निवासी ग्राम कुसू पोस्ट तुरना, तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम पोडीखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, स्थित खसरा नंबर 223, 224, 225, 300, 354/6 कुल खसरा नंबर 5 कुल रकबा 0.505 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी शिवनंदन ऊर्फ भउठा एवं झीरन राम का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/11/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/10/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

(1) निविदा संख्याः टीआरडी–बीएसपी–149–22–23, दिनांक 15.10.2022

कार्य : बिलासपुर मंडल के भरवारटंक (पीएफ–2), झलवारा (पीएफ–1), विलायतकलां रोड (पीएफ–2), दघोरा (पीएफ–2), जामगा (पीएफ–1), कोतमी सोनार (पीएफ–2), सरबहरा (पीएफ–1), कापन (पीएफ–2) के प्लेटफॉर्म की ऊँचाई को रेल लेवल से हाई लेवल करना।
निविदा मूल्य : ₹ 54,92,357.12/-। जमा की जाने वाली पेशगी : ₹ 1,09,900.00/-
निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 16.11.2022 के 15:00 बजे तक।

(2) निविदा संख्याः टीआरडी–बीएसपी–155–22–23, दिनांक 15.10.2022

कार्य : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में SMI No. TI/SMI/0032 Rev-1 के अनुसार पारंपरिक अर्थिंग सिस्टम के साथ स्विचिंग पोस्ट (एसएसपी और एसपी) पर अर्थिंग स्टेशन का प्रावधान।
निविदा मूल्य : ₹ 22,50,547.00/-। जमा की जाने वाली पेशगी : ₹ 45,000.00/-।
निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 16.11.2022 के 15:00 बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.)
सीपीआर/10/283 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail
R.O.No:427

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0- /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिपाली केशरी पत्नी रवि केशरी जाति केशरवानी निवासी ग्राम/नगर जोड़ा पीपल अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2070/128 रकबा 0.013 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा,नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र,रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो, निर्धारित सुनवाई तिथि 14/11/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0- /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीणा गुप्ता पत्नी दिनेश गुप्ता जाति केशरवानी निवासी ग्राम/नगर तकिया रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2070/127 रकबा 0.015 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा,नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र,रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो, निर्धारित सुनवाई तिथि 14/11/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

# मेलबर्न में लगातार दूसरा मैच बारिश में धूला

## इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया का मैच रद्द होने से सेमीफाइनल की राहत हुई मुश्किल

**मेलबर्न ,28 अक्टूबर 2022।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाला मैच रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे इन दोनों टीमों की टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है। एमसीजी पर ही अफगानिस्तान और आयरलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद मौसम ने अपना कमाल दिखाया और दिन के दूसरे मैच को भी रद्द करना पड़ा।

इस मैच के रद्द होने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला लेकिन इससे उनकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। शुक्रवार को दो मैचों की बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद इंग्लैंड अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। खिताब के प्रबल दावेदार इंग्लैंड को सुपर 12 के बारिश से प्रभावित मैच में आयरलैंड से हार का सामना करना पड़ा था जो कि उसे भारी पड़ रहा है। सुपर 12 के ग्रुप एक ने अब चार टीम के समान तीन-तीन अंक हैं लेकिन बाकी टीमों ने जहां तीन मैच खेले हैं वहीं शीर्ष पर काबिज न्यूजीलैंड ने दो ही मैच खेले हैं।

ऑस्ट्रेलिया के भी तीन अंक है लेकिन वह नेट रन रेट के कारण आयरलैंड के बाद चौथे स्थान पर है। भारत-पाकिस्तान के मैच को




छोड़कर एमसीजी पर बाकी सभी मैच बारिश से प्रभावित रहे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि मैंने पहली बार इस स्टेडियम को इतना अधिक गीला देखा। रन अप और अंदर के सर्कल को लेकर असली मसला था। यह क्षेत्र काफी गीले थे। खिलाड़ियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण थी। हमने देखा था कि जिंबाब्वे का एक खिलाड़ी किस तरह से फिसल गया था।''

कोविड-19 से संक्रमित मैथ्यू वेड की स्थिति के बारे में फिंच ने कहा कि आज अगर मैच होता तो वह अंतिम एकादश में होता। उसे थोड़े लक्षण थे लेकिन खेलने के लिए फिट था।'' इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भी मैच नहीं हो पाने पर निराशा जताई। बटलर ने कहा कि यह बहुत बड़ा अवसर होता। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के लिए स्टेडियम खचाखच भरा रहता। यह आपके करियर का बड़ा मैच होता है। आज रात मैच नहीं खेलने से वास्तव में बहुत निराश हूं।'' न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 89 रन की चौंकाने वाली हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सुपर 12 मैच में श्रीलंका को हराकर मजबूत वापसी की।

अफगानिस्तान पर जीत के साथ शुरुआत करने वाले इंग्लैंड को बारिश के कारण पिछले मैच में आयरलैंड के खिलाफ डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत पांच रन से हार का सामना करना पड़ा था।

# हैदराबाद एफसी और गोवा के सामने अपराजेय रहने की चुनौती

**हैदराबाद ,28 अक्टूबर 2022।** हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी शनिवार, 29 अक्टूबर को मैचवीक 4 में हैदराबाद में जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में एफसी गोवा की मेजबानी करेगा।

दोनों ही टीमों ने इस सीजन में अब तक हार का स्वाद नहीं चखा है। एफसी गोवा ने अब तक केवल दो मैच खेले हैं, जिसमें उसकी जीत का रिकॉर्ड 100त्न है। एडु बेडिया द्वारा दूसरे हाफ के स्टॉपेज समय के दौरान चार मिनट में किए गए गोल की मदद से उन्होंने अपने पहले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 2-1 से हराया था।

इसके बाद उन्होंने कड़े मुकाबले में चेन्नइयन एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। उन्हें इस मैच में दूसरा गोल हासिल करने के लिए सेकेंड हाफ के दौरान स्टॉपेज टाइम में दूसरे मिनट तक रुकना पड़ा। नए खिलाड़ी नूह सदाउई अंतिम समय में देर से गोल दाग कर सीजन में अपना खाता खोला।

शनिवार के मैच से पहले एफसी गोवा के मुख्य कोच कार्लोस पेना ने कहा कि वह सीजन की शुरुआत से खुश हैं, लेकिन कुछ चीजें हैं जिन




पर उनकी टीम अभी भी सुधार कर सकती है।

उन्होंने कहा, ÷मैं अभी हमारे पास मौजूद छह अंकों से बहुत बहुत खुश हूं। जीतना हमेशा बहुत मुश्किल होता है। लेकिन निश्चित रूप से, हमारे पास सुधार करने के लिए बहुत गुंजाइश है। हम नए सत्र की शुरुआत, नए कोच और कई नए खिलाड़ियों के साथ कर रहे हैं। हम अपने विचार खुद बना रहे हैं, और निश्चित रूप से हमें कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है - बहुत ज्यादा नहीं, लेकिन खिलाड़ियों की मानसिकता के कारण हमेशा जीतना आसान होता है क्योंकि इस तरह से चीजें बेहतर होती है।÷

दूसरी ओर, हैदराबाद एफसी ने पिछले सीजन से चली आ रही अपनी अच्छी फॉर्म को जारी रखा है। उसने तीन मैचों से सात अंक झटके हैं। बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में, उन्हें 83वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा और कड़े संघर्ष में 1-0 से जीत हासिल की। पिछले सीजन के हीरो आईएसएल गोल्डन बूट विजेता बार्थोलोम्यू ओग्बेचे ने मैच का एकमात्र गोल किया।

अपनी टीम की शानदार शुरुआत के बावजूद हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच मैनोलो मार्कुएज ने अपने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया वह बहक नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि यह एक अन्य मैच है। हम अभी भी प्रतियोगिता की शुरुआत में हैं। हमने केवल अंकों के मामले में ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिता की शुरुआत बहुत अच्छी की। मुझे लगता है कि टीम कमोबेश ठीक खेल रही है। खिलाड़ियों की निरंतरता बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि पिछले सीजन में मैंने कहा था कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस बहुत समान होगी क्योंकि विरोधी बहुत मजबूत हैं, और आप हर टीम के साथ जीत, हार या फिर ड्रा खेल सकते है। लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि हमें हराना बहुत मुश्किल है।

आईएसएल में दोनों क्लबों का छह बार आमना-सामना हुआ है। एफसी गोवा का तीन जीत, एक हार और दो ड्रा के साथ बेहतर रिकॉर्ड रहा है। पिछले सीजन से उनके मुकाबले एक 1-1से ड्रॉ में समाप्त हुआ, और दूसरे में हैदराबाद एफसी 3-2 से जीत मिली थी।

# आकांक्षा व्यवहारे ने 40 किग्रा वजन वर्ग में बनाये तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**मुंबई ,28 अक्टूबर 2022।** महाराष्ट्र की भारोत्तोलक आकांक्षा व्यवहारे ने यहां खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला भारोत्तोलन टूर्नामेंट के 40 किग्रा वजन वर्ग में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये। यह भारोत्तोलक 'टॉप्स' (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) का हिस्सा है। उन्होंने शुक्रवार को स्नैच के अलावा क्लीन एवं जर्क और कुल वजन में रिकॉर्ड बनाये। आकांक्षा ने 60 किग्रा का वजन उठाकर स्नैच में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 71 किग्रा का भार उठाया जिससे उनका कुल स्कोर 131 किग्रा का रहा। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह के दौरान मौजूद थीं।

खेलो इंडिया महिला लीग की महत्ता के बारे में बात करते हुए मीराबाई ने कहा, ''ये लीग बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि काफी लड़कियां देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह भविष्य में सभी लड़कियों के लिये बहुत फायदेमंद अनुभव होगा।'' मीराबाई ने इस साल के शुरू में हिमाचल प्रदेश में खेलो इंडिया भारोत्तोलन टूर्नामेंट के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था।

# बार्सीलोना और एटलेटिको चैंपियन्स लीग से बाहर,लीवरपूल आगे बढ़ा

**सेंटियागो, 28 अक्टूबर 2022।** बार्सीलोना की टीम बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 0-3 की हार के साथ चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। एटलेटिको मैड्रिड की टीम भी बायर लीवरकूसेन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में जगह बनाने में विफल रही। एटलेटिको को अंतिम लम्हों में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन इसके बावजूद टीम गोल करने में नाकाम रही और पोर्टो ने नॉकआउट में जगह बनाई। पोर्टो ने इससे पहले ग्रुप में शीर्ष पर चल रहे ब्रूज को 4-0 से हराया था।

स्पेन की दो दिग्गज टीम बार्सीलोना और एटलेटिको मैड्रिड अब यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर फाइनल का हिस्सा नहीं होंगी। लीवरपूल ने ग्रुप ए में अजैक्स को 3-0 से हराकर एक मैच शेष रहते नॉकआउट में जगह पक्की की। इस ग्रुप से नेपोली पहले ही अंतिम 16 में प्रवेश कर चुका है। ग्रुप डी में



टोटेनहैम और स्पोर्टिंग लिस्बन का मैच 1-1 से बराबर रहा। हैरी केन ने मैच खत्म होने से चंद सेकेंड पहले गेंद को गोल में डाला और टोनहैम को लगा कि वे जीत गए लेकिन वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) की सहायता लेने पर केन को ऑफ साइड करार दिया गया।

टोटेनहैम के कोच एंटोनियो कोंटे ने इसके बाद जमकर नाराजगी जाहिर की जिसके लिए उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया। इस ग्रुप का अंतिम दौर अगले हफ्ते होगा और सभी चार टीम के पास नॉकआउट में जगह बनाने का मौका है। शीर्ष पर चल रही टोटेनहैम की टीम अगले मंगलवार को अंतिम स्थान पर चल रहे मार्सिले से भिड़ेगी। बुधवार को मार्सिले को 2-1 से हराने वाला एंट्रैक्ट फ्रेंकफर्ट अब स्पोर्टिंग से खेलेगा। बार्सीलोना की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद हालांकि उसी समय टूट गई थी जब इंटर मिलान ने विक्टोरिया पलजेन को 4-0 से हरा दिया।

# अक्षर पटेल को दी जा सकती है ऊपरी क्रम की बल्लेबाजी




**सिडनी , 28 अक्टूबर 2022।** रविंद्र जडेजा की जगह भरना मुश्किल है लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने अक्षर पटेल को कहा है कि वह जरूरत पड़ने पर ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहे। भारत के चोटी के छह बल्लेबाज दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और ऋषभ पंत अभी रणनीति का हिस्सा नहीं है, ऐसे में विरोधी टीम के गेंदबाजों की लय बिगाड़ने के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत पड़ती है।

अक्षर को पाकिस्तान के खिलाफ पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था लेकिन यह फैसला तक कारगर साबित नहीं हुआ क्योंकि वह केवल एक रन बनाकर रन आउट हो गए थे। अक्षर ने यहां पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान के पास बाएं हाथ के स्पिनर नवाज और लेग स्पिनर शादाब खान हैं इसलिए बाएं हाथ के बल्लेबाज को भेजना महत्वपूर्ण था और मुझे बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि हमारे चोटी के छह बल्लेबाज दाएं हाथ से खेलते हैं और इसलिए टीम प्रबंधन ने मुझसे कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो बीच के ओवरों में मुझे ऊपर खेलने के लिए भेजा जा सकता है और मुझे इसके लिए तैयार रहना चाहिए। मुझे यह भूमिका बता दी गई है और मैंने अभ्यास मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

पाकिस्तान के खिलाफ अक्षर को केवल एक ओवर करने को मिला था जिसमें इफ्तिखार अहमद ने तीन छक्के जड़े थे। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए। अक्षर ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा कि पिच थोड़ा शुष्क थी और गेंद रुककर आ रही थी। गेंद पर ग्रिप नहीं बन पा रही थी और इसलिए मुझसे पटक कर गेंदबाजी करने के लिए कहा गया था। यही हमारी रणनीति थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद मैं वीडियो विश्लेषक और गेंदबाजी कोच के साथ बैठा था। असल में कुछ दिन ऐसे होते हैं जब बल्लेबाज आप के खिलाफ जोखिम उठाता है। मैंने तीन छक्कों का आकलन किया जो मेरे खिलाफ लगे थे। इनमें से मैंने केवल एक गेंद खराब की थी।

# रिलीज हुआ अभिषेक बच्चन की ब्रीद इनटु द शैडोज का ट्रेलर,और गहराया रहस्य

अभिषेक बच्चन की वेब सीरीज ब्रीद इनटु द शैडोज अमेजन प्राइम पर काफी पसंद की गई थी। इस क्राइम थ्रिलर का नया सीजन भी जल्द प्रीमियर होने वाला है। गुरुवार को दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी हो गया है। सीजन 2 में एक बार फिर से अभिषेक, अविनाश सबरवाल के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं अमित साध भी पहले की तरह पुलिस अफसर कबीर के किरदार में हैं। नए सीजन में रहस्य और गहरा चुका है।

ट्रेलर में एक बार फिर से अविनाश और कबीर चूहे-बिल्ली की दौड़ करते नजर आए। रहस्यमई कातिल छ्ठ का रहस्य और उसकी क्रूरता इस बार एक स्तर आगे बढ़ चुकी है। वहीं कबीर ने भी ठान लिया है कि वह अविनाश को इस बार छोड़ने वाला नहीं है। इस बार यह क्राइम ड्रामा और डार्क नजर आ रहा है और ट्रेलर में कई विचलित करने वाले दृश्य हैं। ब्रीद इनटु द शैडोज 2 9 नवंबर को अमेजन



प्राइम पर आएगी।

यह वेब सीरीज ब्रीद का स्पिनऑफ शो है। ब्रीद 2018 में आई थी। इसमें आर माधवन और अमित साध मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं ब्रीद इनटु द शैडोज 2020 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज से अभिषेक बच्चन में ओटीटी पर डेब्यू किया था। एक पिता का प्यार किसी की जान बचा भी सकता है और जान ले भी सकता है, इस कॉनसेप्ट पर बनी इस सीरीज के निर्माता मयंक शर्मा हैं। ब्रीद इनटु द शैडोज के अलावा अभिषेक ओटीटी के अन्य शो में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। 2020 में ही वह नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में नजर आए थे। इस फिल्म में अभिषेक के अलावा पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव भी थे। वह डिज्नी+ हॉटस्टार की सीरीज द बिग बुल में नजर आए थे। इसके अलावा जी5 पर उनकी बॉब बिस्वास और नेटफ्लिक्स पर दसवीं भी मौजूद है।

# किताबों के लिए प्यार मुझे मां से विरासत में मिला है:श्वेता तिवारी



टीवी उद्योग का लोकप्रिय चेहरा श्वेता तिवारी, जो वर्तमान में मैं हूं अपराजिता में तीन बेटियों की मां की भूमिका निभा रही हैं, ने खुलासा किया है कि किताबें पढ़ने में उनकी अच्छी रुचि है और कहा कि एक अच्छा उपन्यास पढ़ने से स्ट्रेस कम होता है। उनका कहना है कि, जब भी मेरे पास खाली समय होता है, मुझे एक अच्छी किताब पढ़ने में मजा आता है। भले ही मेरे पास व्यस्त शूटिंग शेड्यूल हो, एक दिलचस्प उपन्यास पढ़ना मुझे हमेशा खुश और तनाव मुक्त बनाता है।

अभिनेत्री ने कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा की भूमिका के साथ मनोरंजन उद्योग में अपनी जगह बनाई और कई दैनिक धारावाहिकों, फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं में भी अभिनय किया।

वह बिग बॉस 4 की विनर भी रहीं और फिर खतरों के खिलाड़ी 11 में हिस्सा लिया। उन्होंने हम, तुम और देम से डिजिटल डेब्यू किया था।

अभिनय के अलावा, श्वेता किताबें पढ़ने के अपने शौक के लिए कुछ समय निकालना सुनिश्चित करती हैं और अपनी मां से यह आदत विरासत में मिलने के बारे में कहती हैं।

आगे उन्होंने कहा, एक बच्चे के रूप में, मुझे किताबें पढ़ना पसंद था और मेरा मानना है कि मुझे अपनी मां से किताबों के लिए प्यार विरासत में मिला है। किताबों का मेरा संग्रह बचपन से बढ़ रहा है, वे वास्तव में मुझे खुश करते हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि किस तरह की किताबें पढ़ना उन्हें पसंद हैं। मुझे भारतीय और यूरोपीय इतिहास के बारे में पढ़ना पसंद है। यदि आप मुझसे मेरे वर्तमान पसंदीदा के बारे में पूछते हैं, तो वे पाउलो कोएल्हो द्वारा द अल्केमिस्ट, युवल द्वारा सेपियंस हैं।

42 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे क्रिस्टिन हन्ना और कोलीन हूवर के लिखे गए उपन्यास पढ़ना भी पसंद है। मैंने जो भी किताब पढ़ी है, मैं उस चरित्र से जुड़ती हूं, और यह एक और जीवन जीने जैसा है।

मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।















CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### नायब तहसीलदारों के लिए तबादला आदेश हुआ जारी

रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। शासन के आदेश पर संभागीय आयुक्त ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रशासनिक अमले में बड़ा फेर बदल किया है। शासन द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार सौरभ कुमार चौरसिया नायब तहसीलदार कसडोल अब लवन तहसीलदार के भी प्रभारी होंगे।

वहीं मोहला पदस्थ नायब तहसीलदार चमनलाल ध्रुव को सोनाखान के तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। वही सिग्मा के निलंबित नायब तहसीलदार युवराज साहू की बहाली कर उन्हें तहसील कसडोल में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा पंकज बघेल नायब तहसीलदार को पल्लारी की जिम्मेदारी मिली है।

### कांग्रेस नेता के भतीजे की हत्या कर शव को किया दफन, महीनेभर से था लापता,3 आरोपी गिरफ़्तार



रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। राजधानी रायपुर में उरला इलाके से कांग्रेस नेता के लापता भतीजे की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है।

आपको बता दे कि 21 वर्षीय युवक वाहजुद्दीन उर्फ बाबू 25 सितंबर से लापता था, इस मामले में पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिन्होंने WRS कॉलोनी स्थित रेलवे पटरी के पास हत्या कर लाश को दफन करना कबूल किया।

मृतक युवक बीरगांव नगर निगम MIC मेंबर इकराम अहमद का भतीजा था। कत्ल की वजह अब तक स्पष्ट नही हो पाई है।फिलहाल तहसीलदार की मौजूदगी में खुदाई की गई, जहां से डेड बॉडी को निकाला गया है। पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### धान खरीदी के पूर्व अवैध धान परिवहन व भंडारण पर जिला प्रशासन सख्त



गरियाबंद, 28 अक्टूबर 2022। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर से की जानी है ।इसे देखते हुए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। विशेषकर अंतरराज्यीय बॉर्डर पर विशेष चेकपोस्ट बनाये गए हैं । उड़िसा राज्य की सीमा से लगे देवभोग विकासखंड में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार लगातार अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित अनुभाग अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं । हम आपको बता दें कि गरियाबंद जिले में भी धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । पूरे जिले मे82 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर धान से खरीदी की जाएगी। सभी धान खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जहां से भी अवैध धान परिवहन की आशंका है।

इस तरह के 28 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां सयुंक्त टीम मौजूद रहेगी। संयुक्त टीम के साथ राजस्व, पुलिस एवम पंचायत विभाग टीम की द्वारा की गई कार्यवाही में बीती रात ग्राम सुपेबेड़ा में अवैध रूप से धान भंडारण की जब्ती की गई एवं जब धान को सील कर लिया गया है । इस कार्यवाही में शासन में कुल 181 बोरे धान 3 जगहों से जप्त किए हैं। इसी तरह गुरुवार देर रात को ही देवभोग अनुविभागीय अधिकारी अर्पिता पाठक के निर्देश पर खाद्य व मंडी के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अवैध धान परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक C.G.19 H 3114 पिकप वाहन से अवैध तरीके से परिवहन करते 60 बोरी धान को जप्त किया गया ।

# मरकाम नदारद,पुनिया के दाएं सीएम तो बाएं टीएस दिखे

रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी मीटिंग में छ्त्त के राजनीतिक हालातों और 2023 के चुनाव पर बात-चीत का दौर चला। लेकिन नामालूम वजहों से पीसीसी चीफ मोहन मरकाम इस अहम् बैठक से दूर रहे। बताते हैं कि बैठक में मुख्य कुर्सी पर पीएल पुनिया बैठे और उनके दाएं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तो बाएं हाथ में मंत्री टाइस सिंहदेव बैठे थे। बैठक में समेत प्रभारी सचिव चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उलका, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, शिव डहरिया, अमरजीत भगत खासतौर से मौजूद थे।



बैठक से पूर्व मिडिया से चर्चा के दौरान श्री पुनिया ने कहा बस्तर ही नहीं सभी 90 सीटों का करेंगे दौरा। पुनिया ने कहा कि वे पिछली बार बिलासपुर की तरफ गए। सिर्फ बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। सभी 90 सीटों का दौरा करेंगे। अभी बस्तर दौरे पर जा रहे हैं। वहां की जो समस्याएं हैं उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया दिवंगत साथी मनोज मंडावी के कार्यक्रम में शामिल होने वे जायेंगे। सीएम भी साथ में जा रहे हैं लेकिन वे लौट आएंगे और श्री पुनिया बस्तर की सियासत को टटोलेंगे।

**बीजेपी के पास मुद्दा नहीं तो उसे कमी खोजने में लगी है-** एआईसीसी की स्टेयरिंग कमेटी में छत्तीसगढ़ से किसी को शामिल नहीं किए जाने और यहां के नेताओं की उपेक्षा के भाजपा के आरोप पर पुनिया ने कहा कि नए किसी सदस्य का नाम जोड़ा ही नहीं गया है तो फिर उपेक्षा कहां से हो गई। भाजपा के पास कोई काम है नहीं। उनकी राजनीतिक जमीन छत्तीसगढ़ से खिसकती जा रही है इसके बाद भी उन्हें कांग्रेस की कमी खोजने में अपनी उर्जा लगा रहे हैं।

## रायपुर कोर्ट पहुंचे कालीचरण, कहा-न्याय प्रक्रिया पर है विश्वास



रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी किए जाने के मामले में तथा कथित संत कालीचरण आज रायपुर कोर्ट में पेश हुए। पेशी के दौरान कालीचरण ने पत्रकारों से कहा कि बीते दिनों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी किया था, मुझे आज भी इसका कोई अफसोस नहीं है। आगे काली माई की इच्छाज्न्याय प्रक्रिया पर पूरा विश्वास है और मैं उसका सम्मान करता हूं।

**क्या था मामला**

दरअसल बीते दिनों राजधानी रायपुर के रावणभाठा मैदान में आयोजित दो दिवसीय धर्म संसद के अंतिम दिन कालीचरण ने अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपिता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे की जमकर तारीफ कर दी थी। बता दें कि रायपुर में धर्मसंसद के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए लाकर अपशब्द कहने वाले कालीचरण महाराष्ट्र के अकोला के शिवाजीनगर के रहने वाले हैं। भावसार समाज से आने वाले कालीचरण का असली नाम अभिजीत धनंजय सराग है। एक साधारण परिवार में जन्में अभिजीत के पिताजी धनंजय सराग की अकोला के जयन चौक में मेडिकल शॉप है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव का फॉलो वाहन दुर्घटनाग्रस्त,महिला की मौत,कांकेर से लौटते वक्त कुरुद के पास हुआ हादसा



रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव का फॉलो वाहन आज शुक्रवार को दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में बाईक सवार महिला की मौत हो गई है। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक पुलिस कर्मी भी चपेट में आ गया। लेकिन, हादसे में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव बाल-बाल बच गए।

बता दें कि कांग्रेस के दिवंगत विधायक मनोज मंडावी के तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होकर साव का काफिला कांकेर से रायपुर लौट रहा था। तभी रायपुर- कुरुद में विराट ढाबा के पास हादसा हुआ है। फिलहाल पूरे घटना पर अभी तक उनका कोई अधिकृत बयान सामने नहीं आया है।

## मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए बैठक संपन्न,प्रगति एवं तैयारियों पर हुई विशेष चर्चा

रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में अगले साल 5 से 7 जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।



बैठक में कान्फ्रेंस के संबंध में विभिन्न विभागों की प्रगति और तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

जैन ने मुख्य सचिवों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के लिए आवश्यक जानकारी और तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, योजना विभाग के सचिव गौरव द्विवेदी, उर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव भुवनेश यादव सहित वित्त, नगरीय प्रशासन एवं अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## जंगल में विचरण कर रहे 3 हाथी गिरे कुएं में,बचाव के लिए वन अमले को करनी पड़ी मशक्कत



धमतरी, 28 अक्टूबर 2022। यहां जंगल में घूम रहे हाथी तब मुसीबत में पड़ गए जब वे रात के अंधेरे में पानी से भरे एक गड्ढे में गिर पड़े। देर रात 3 हाथी इस गड्ढे में गिरे। रात भर की मशक्कत के बाद इनमे से दो हाथी खुद ही निकल गए, जबकि तीसरे को वन अमले ने बाहर निकला।

गुरुवार की रात धमतरी के दुगली रेंज के जंगल में ग्राम चारगांव के समीप हाथियों का दल जंगल में विचरण कर रहा था। इस बीच एक खेत के पास बड़ा कुआंनुमा गड्ढा खुदा हुआ था। अंधेरा होने के चलते यह गड्ढा नजर नहीं आया और तीन हाथी उसमें गिर गये थे। गड्ढे में पानी भरा हुआ था, हाथी आसानी से उससे बाहर नहीं आ पा रहे थे।

**सुबह पहुंचा वन अमला**

हाथियों के गड्ढे में गिरने की सूचना देर रत ही वन विभाग तक भी पहुंच गई थी, मगर रात के वक्त जंगल में रेस्क्यू करना उचित नहीं था। इसलिए वन अमला सुबह के वक्त मौके पर पहुंचा, तब तक दो हाथी खुद के प्रयासों से बाहर आ चुके थे जबकी एक को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इस दौरान जंगल में और भी हाथी मौजूद थे मगर रेस्क्यू के दौरान हाथियों ने कोई उत्पात नहीं मचाया, जिससे अफरा-तफरी के हालत निर्मित नहीं हुए।

**वन विभाग की अनदेखी का नतीजा है उक्त घटना**

बता दें कि वन विभाग में मुख्यालय स्तर से समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं कि जंगल और आसपास के इलाकों में अगर कुएं हों तो उन्हें जाली से ढांक दिया जाये, वहीं इस तरह के गड्ढे भी इलाके में नहीं होने चाहिए, या फिर उनकी घेरेबंदी कर देनी चाहिए। जिस गड्ढे में हाथी गिरे वह पुराना कुआं नजर आ रहा है, इसमें तो कोई भी जानवर गिर सकता है, इसलिए इस गड्ढे से बचाव के इंतजाम वन विभाग को करने चाहिए थे। मगर ऐसा लगता है कि मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी आदेश जारी करके अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री कर लेते हैं, वहीं वन मंडल स्तर के अधिकारी भी कागजी घोड़े दौड़ाकर अपना काम पूरा कर लेते हैं। यही वजह है कि प्रदेश के जंगलों में इस तरह की घटनाएं आम हो चली हैं। जंगल और आसपास मौजूद इस तरह के खतरों से जंगली जानवरों को बचाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को ठोस पहल करने की जरुरत है।

## जुआरियों की धरपकड़ में पूर्व मंत्री का पीए चढ़ा हत्थे,धौंस भी जमाया

रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। राजधानी पुलिस ने 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक पूर्व मंत्री का पीए भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस के मुताबिक कथित पीए साथियों के साथ दांव लगाने अक्सर बैठा करता था। मुखबीर से मिले इनपुट पर पुलिस की टीम ने रेड की और अन्य के साथ यह भी पकड़ा गया।





मामला शहर के टिकरापारा इलाके का है।

सीएम भूपेश बघेल की ताकीद के बाद से ही रायपुर पुलिस जुआ, सट्टा और ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ अभियान क्रिकेट सट्टा के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी वजह से जुआरियों की धरपकड़ की जा रही है। पिछले कुछ वक्त से एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की टीम टिकरापारा इलाके में जुआरियों के रैकेट का पता लगा रही थी। इस बीच टीम को टिकरापारा के संजय नगर में शितला मंदिर के पास कुछ जुआरियों के अड्डेबाजी का पता चला।

टीम ने फौरन मौके पर पहुंचकर छापा मारा। यहां जुआरियों के बीच दांव लगाते हुए पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले का पर्सनल असिस्टेंट शैलेंद्र ठाकुर भी मिला। पुलिस ने पकड़ा तो अकड़ने लगा। इधर-उधर की बातें कीं, मगर धौंस काम न आई।

## एक नवम्बर को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का सीएम भूपेश बघेल करेंगे शुभारंभ

# मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन

रायपुर, 28 अक्टूबर 2022। आधुनिकता के दौड़ से दूर जंगलों में रहने वाली जनजातियों की अपनी समृद्ध संस्कृति है। विभिन्न जनजातियों के अपने तीज-त्यौहार, लोक नृत्य व गीत भी हैं। इन आदिवासियों की कला और संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर 1 से 3 नवंबर तक किया जा रहा है। राज्य में राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का यह तीसरा आयोजन है। महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में होगा।

**छत्तीसगढ़ में 42 तरह की जनजातियां निवासरत**

छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। यहां का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है एवं यहां जनजातियों की जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का 31 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ राज्य में 42 तरह की जनजातियां निवास करती हैं। इस महोत्सव के माध्यम से जनजाति कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शन का अवसर मिलता है। एक नवंबर को शाम 7 बजे होगा राज्य



अलंकरण समारोह होगा वहीं महोत्सव के समापन में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

### आपसी मेल-जोल, कला-संस्कृतियों के आदान-प्रदान के लिए महत्वपूर्ण

महोत्सव के माध्यम से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच उनकी कलाओं की साझेदारी होगी। वे एक-दूसरे के खान-पान, रीति-रिवाज, शिल्प-शैली को भी देख-समझ सकेंगे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के आयोजन से आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। यह आयोजन देश और पूरी दुनिया के जनजातीय समुदायों के आपसी मेल-जोल, कला-संस्कृतियों के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

### देश विदेश के 1500 से अधिक जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों सहित 09 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगें। इन कलाकारों में देश के 1400 और विदेशों के 100 प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन में मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे।

### विदेशी जनजातियों की संस्कृति को भी जानने का मिलेगा मौका

छत्तीसगढ़ में प्रथम बार आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन वर्ष 2019 में 27 से 29 दिसम्बर तक किया गया था। इस महोत्सव में कुल 1,262 कलाकारों ने भाग लिया। इनमें 06 देशों के 59 जनजतीय कलाकारों शामिल थे। इसमें भारत के विभिन्न राज्यो सहित श्रीलंका, यूगांडा, मालदीव, थाईलैंड, बंग्लादेश और बेलारूस कलाकारों ने अपने देश के संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव वर्ष 2021 का आयोजन 28 अक्टूबर से 01 नवंबर तक किया था। जिसमें कुल 1,149 कलाकारों ने भाग लिया। इनमें में 07 देशों के 60 जनजातीय कलाकारों भी शामिल थे। इनमें स्वीजरलैंड, माली, नाइजीरिया, श्रीलंका, फ़िलिस्तीन, यूगांडा और उज्बेकिस्तान के कलाकारों ने भाग लिया।

इस वर्ष राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव वर्ष 2022 का आयोजन 01 से 03 नवंबर तक होगा। इस महोत्सव में कुल 1500 जनजातीय कलाकार भाग लेंगे। इसमें 09 देशों के 100 जनजातीय कलाकार भाग लेने पहुँचेंगे। इनमें मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

### 'फसल कटाई और आदिवासी रीति-रिवाज की थीम पर होगा नृत्य महोत्सव

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में इस बार दो थीम रखी गई है। पहली थीम है 'फसल कटाई पर होने वाले आदिवासी नृत्य' और दूसरी थीम है 'आदिवासी परंपरा और रीति- रिवाज'। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों को कुल 20 लाख रुपए का पुरस्कार

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए 05 लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 03 लाख रुपए और तृतीय स्थान के लिए 02 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।

### जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत को सहेजने के लिए हो रहे जतन

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने विगत् पौने चार वर्षो में छत्तीसगढ़ की लोक तथा जनजाति कला, संस्कृति और विरासत सहेजने और संवारने के लिए बहुत सारे जतन किये है। यहां के पर्यटन स्थलों, कला परपंराओं और संस्कृति के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में राज्य गीत को मान्यता दी गई, इसका मानकीकरण किया गया। राज्य के लोक एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक नाम से खेलकूद आयोजन किया जा रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)